इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"॥

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






## ईरान से बाहर नहीं जाना चाहिए यूरेनियम भंडार: मोजतबा खामेनेई ने अपनाया सख्त रुख; डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख मांग खारिज की

तेहरान। तेहरान और वाशिंगटन के बीच कूटनीतिक तनाव जारी है। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने आदेश दिया है कि संवर्धित यूरेनियम का भंडार देश से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस तरह उन्होंने अमेरिका के शांति वार्ता में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख मांग को खारिज कर दिया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने दो ईरानी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रॉयटर्स के मुताबिक, इस्राइली अधिकारियों के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप ने इससे पहले इस्राइल को यह आश्वासन दिया था कि संवर्धित यूरेनियम भंडार को ईरान से पूरी तरह हटा दिया जाएगा। यह परमाणु हथियार बनाने में प्रमुख घटक है।

### बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनाया सख्त रुख

इस बीच, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सख्य रुख अपनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि वह तब तक शत्रुता समाप्त करने पर विचार नहीं करेंगे, जब तक संवर्धित यूरेनियम को पूरी तरह ईरानी नियंत्रण से बाहर नहीं कर दिया जाता है, जब तक ईरान अपने समर्थित क्षेत्रीय लड़ाकू समूहों को वित्तीय समर्थन देना पूरी तरह बंद नहीं करता है



और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली को पूरी तरह खत्म नहीं कर देता है। हालांकि, दो ईरानी सूत्रों में से एक ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर ईरान की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्थाओं के भीतर बनी सहमति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च नेता ने आदेश दिया है कि संवर्धित यूरेनियम का भंडार देश से बाहर नहीं जाना चाहिए। उसी अंदरूनी सूत्र ने बताया कि ईरान के शीर्ष प्रशासनिक और सैन्य अधिकारी मानते हैं कि इस सामग्री पर नियंत्रण छोड़कर इसे विदेश भेजना देश की सुरक्षा को गंभीर रूप से कमजोर करेगा और इससे अमेरिका और इस्राइल की भविष्य की संभावित सैन्य कार्रवाइयों के लिए ईरान ज्यादा कमजोर हो जाएगा। ईरान के सांविधानिक ढांचे के अनुसार, देश की सभी महत्वपूर्ण नीतियों पर अंतिम फैसला लेने का अधिकार सर्वोच्च नेता के पास होता है।

### अमेरिका-इस्राइल के हमलों से जंग की शुरुआत

आठ अप्रैल से जारी अस्थायी युद्ध विराम की पृष्ठभूमि में मौजूदा कूटनीतिक गतिरोध विकसित हो रहा है। 28 अप्रैल को इस्राइल और अमेरिका ने ईरान पर हमले किए थे, जिससे संघर्ष की शुरुआत हुई। इन हमलों के तुरंत बाद ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी अड्डों पर जवाबी हमले किए। इसके साथ इस्राइली सेना और हिजबुल्ला के लेबनान में संघर्ष तेज हो गया।

### ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी जारी

अस्थायी संघर्ष विराम के बावजूद वार्ताकार कोई बड़ी कूटनीतिक कामयाबी हासिल नहीं कर पाए हैं। अमेरिका की ओर से ईरानी बंदरगाहों और जहाजों की नाकाबंदी जारी है। इससे वार्ता की प्रक्रिया जटिल बनी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पाकिस्तान में ढेर हुआ पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमजा बुरहान

### रावलपिंडी में जैश कमांडर की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ आतंकी साजिशों से जुड़े एक बड़े नाम का पाकिस्तान में खात्मा हो गया है। पुलवामा हमले से जुड़े जैश-ए-मोहम्मद कमांडर हमजा बुरहान की रावलपिंडी में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद पाकिस्तान में आतंकी नेटवर्क और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मचा हुआ है।



प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद को पाकिस्तान में बड़ा झटका लगा है। पुलवामा हमले से जुड़े कथित मास्टरमाइंड और एनआईए की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल हमजा बुरहान की पाकिस्तान के रावलपिंडी में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

स्थानीय मीडिया और खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हमला उस समय हुआ, जब हमजा बुरहान मस्जिद से नमाज पढ़कर बाहर निकल रहा था। तभी पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद तुरंत फरार हो गए। पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक किसी हमलावर की पहचान नहीं हो सकी है। हमजा बुरहान का नाम 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले से जोड़ा जाता रहा है। इस हमले में CRPF के 40 जवान शहीद हुए थे। भारतीय जांच एजेंसियों के अनुसार हमले की प्लानिंग, लॉजिस्टिक सपोर्ट और आतंकी नेटवर्क के संचालन में उसकी अहम भूमिका थी। घटना के बाद पाकिस्तान में छिपे आतंकी नेटवर्क में बेचैनी बढ़ गई है। पिछले कुछ समय से पाकिस्तान में कई वांछित आतंकियों और चरमपंथी संगठनों से जुड़े लोगों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पश्चिम बंगाल के मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य : मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक फैसला

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नई सरकार ने एक बेहद बड़ा, कड़ा और दूरगामी सांस्कृतिक व राजनीतिक प्रभाव वाला नीतिगत फैसला लिया है।



राज्य सरकार ने गुरुवार को एक आधिकारिक आदेश जारी करते हुए पश्चिम बंगाल के सभी सरकारी स्कूलों के साथ-साथ अब सभी सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त मदरसों में भी क्लास शुरू होने से पहले यानी प्रार्थना सभा के दौरान राष्ट्रगीत वंदे मातरम गाना पूरी तरह से अनिवार्य कर दिया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले के बाद से ही राज्य के भीतर और शैक्षणिक हलकों में एक नई कूटनीतिक व राजनीतिक बहस बेहद तेज हो गई है।

### मदरसा शिक्षा निदेशालय ने जारी किया कड़ा आदेश, पुराने नियम निरस्त

इस संबंध में पश्चिम बंगाल मदरसा शिक्षा निदेशालय ने बकायदा एक आधिकारिक दिशा-निर्देश और शासनादेश जारी किया है। इस सरकारी आदेश में साफ और कड़े शब्दों में कहा गया है कि पुराने सभी नियमों और पूर्ववर्ती प्रथाओं को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए यह नया नियम राज्य भर में लागू किया जा रहा है। सरकार के इस नए फैसले के दायरे में अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी सरकारी मॉडल मदरसे, मान्यता प्राप्त सहायता प्राप्त मदरसे, स्वीकृत मदरसा शिक्षा केंद्र, शिशु शिक्षा केंद्र और मान्यता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तमिलनाडु में नया सियासी बवाल, एआईएडीएमके के दिग्गज नेता ने दिया इस्तीफा, बेटे ने विजय सरकार में ली शपथ

चेन्नई। तमिलनाडु की राजनीति में नया सियासी बवाल देखने को मिला है। एआईएडीएमके को चुनाव के ठीक बाद बड़ा झटका लगा है। पार्टी के पुराने और पूर्व विधानसभा स्पीकर पी धनपाल ने भी एआईएडीएमके से इस्तीफा दे दिया है।



उन्होंने साफ कहा कि पार्टी के मौजूदा नेतृत्व ने उन्हें और कई अन्य साथियों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। धनपाल ने यह फैसला अपने बेटे रासिपुरम विधायक डी लोगेश तमिलसेल्वन की शपथ ग्रहण समारोह के बाद लिया। बेटा तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) की सरकार में मंत्री बने हैं।

### समारोह से निकलकर धनपाल ने दिखाई नाराजगी

समारोह से निकलकर धनपाल ने मीडिया से बात करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा- नेतृत्व ने कई लोगों को अनदेखा किया। आज लोगों ने उन्हें इग्नोर कर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने पार्टी के शुरुआती दिनों से लेकर अब तक का सफर देखा है। पार्टी को मजबूत होते देखा है, लेकिन आज उसकी हालत देखकर बहुत दुख होता है।

### एआईएडीएमके के बहुत पुराने नेता हैं धनपाल

धनपाल एआईएडीएमके के बहुत पुराने नेता हैं। उनका राजनीतिक करियर 40 साल से ज्यादा पुराना है। वे सात बार तमिलनाडु विधानसभा के लिए चुने गए हैं। 2012 से 2021 तक वे विधानसभा स्पीकर भी रहे। इसके अलावा उन्होंने आदिवासी कल्याण, सहकारिता, खाद्य और नागरिक आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय संभाले।

### पार्टी में बढ़ रही बेचैनी

यह इस्तीफा एआईएडीएमके के लिए सामान्य नहीं है। कुछ दिन पहले ही पूर्व मंत्री एस सेम्मलाई ने भी पार्टी छोड़ दी थी। दोनों घटनाएं पार्टी में असंतोष और नेतृत्व पर सवालों को और मजबूत कर रही हैं। कई वरिष्ठ नेता पहले से ही नाराज चल रहे हैं। चुनाव में मिली हार के बाद पार्टी को फिर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीट पेपर लीक नहीं हुआ', एनटीए चीफ ने संसदीय कमेटी के सामने नहीं मानी लीक होने की बात

नई दिल्ली। संसद की एक कमेटी के सामने एनटीए यानी National Testing Agency के बड़े अफसरों को बुलाया गया था। जिसमें उनसे पेपर लीक के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने पेपर लीक होने से मना कर दिया। साथ ही यह भी कहा कि इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। अगर सीबीआई कहती है कि पेपर लीक हुआ है तो मान लेंगे की पेपर लीक हुआ था।




### कमेटी के सामने आये थे अधिकारी

कमेटी की अध्यक्षता कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह कर रहे थे। एनटीए की ओर से चेयरमैन प्रदीप कुमार जोशी और डायरेक्टर जनरल अभिषेक सिंह मौजूद थे। लेकिन विपक्षी सांसदों के सवालों का कोई सीधा जवाब अफसरों के पास नहीं था। डीजी अभिषेक सिंह ने साफ कहा कि उनके सिस्टम से पेपर लीक नहीं हुआ। उन्होंने दोहराया कि पेपर लीक होने की आधिकारिक पुष्टि तभी होगी जब सीबीआई इसकी जांच पूरी कर ले।

कमेटी ने पूछा कि अगर पेपर लीक नहीं हुआ, तो फिर परीक्षा रद्द क्यों की गई और दोबारा क्यों हो रही है? इस सवाल का जवाब अफसरों के पास नहीं था। कमेटी के सामने डीजी ने बस इतना कहा कि परीक्षा में कुछ गड़बड़ियां हुई थीं और छात्रों का भरोसा बनाए रखने के लिए इसे दोबारा कराना जरूरी था। एनटीए ने कहा कि परीक्षा के दौरान कुछ सवाल बाहर जरूर आए थे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पूरा पेपर लीक हो गया। अफसरों ने जोर देकर कहा कि नीट का पेपर लीक होना अभी तक साबित नहीं हुआ।(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बंगाल- फालता में रिपोलिंग होने पर ज्यादा मतदान: 87.90 प्रतिशत वोटिंग हुई, 24 मई को आएगा रिजल्ट



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की फालता विधानसभा सीट पर गुरुवार को दोबारा मतदान हुआ। रिपोलिंग में करीब 1 प्रतिशत वोटिंग बढ़ गई। चुनाव आयोग के मुताबिक रात 8 बजे तक 87.90 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं 29 अप्रैल को इस सीट पर 86.71 प्रतिशत मतदान हुआ था। फालता में मुख्य मुकाबला टीएमसी और भाजपा के बीच है। टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान मौखिक रूप से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का एलान कर चुके हैं।

### टीएमसी उम्मीदवार गायब, घर पर ताला

हालांकि उनकी ओर से ये बात लिखित में दिए जाने की सूचना नहीं है। ईवीएम में उनका नाम और सिंबल मौजूद रहा। आज वोटिंग वाले दिन जहांगीर खान का कोई पता नहीं चला। उनके घर और पार्टी कार्यालय, दोनों जगह ताला लटका मिला।

फालता में पिछली बार 29 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। आरोप था कि कुछ बूथ पर ईवीएम में भाजपा के बटन पर टेप चिपका था। कई अन्य बूथों पर ईवीएम में गड़बड़ी की खबरें आईं। इसके बाद चुनाव आयोग ने रीपोलिंग का आदेश दिया। रिजल्ट 24 मई को आएगा।

29 अप्रैल को मतदान के बाद फालता क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया था। उस दिन कई बूथों से शिकायतें मिली थीं कि ईवीएम पर भाजपा के सिंबल पर टेप चिपकाया गया। तत्कालीन ऑब्जर्वर सुब्रत गुप्ता ने खुद निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया और जांच-पड़ताल की। कम से कम 60 बूथों में छेड़छाड़ के सबूत मिले। ईवीएम में कथित हेरफेर के अलावा, जांच में यह भी सामने आया कि कई मतदान केंद्रों पर लगे वेब कैमरों में फुटेज के साथ भी छेड़छाड़ करने की कोशिशें की गई थीं।

### फालता में आज तक भाजपा नहीं जीती, तीन बार से टीएमसी का कब्जा

फालता विधानसभा सीट पहले CPI(M) का गढ़ मानी जाती थी, लेकिन अब यह तृणमूल कांग्रेस का मजबूत क्षेत्र बन चुकी है। TMC ने पहली बार 2001 में यह सीट जीती थी। 2006 में CPI(M) ने वापसी की, लेकिन 2011 के बाद से TMC लगातार यहां जीत दर्ज कर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तमिलनाडु के सीएम विजय की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, चुनाव में बच्चों के कथित इस्तेमाल को लेकर मिला हाई कोर्ट का नोटिस

चेन्नई। तमिलनाडु के नए-नवेले सीएम जोसेफ विजय की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मद्रास हाई कोर्ट ने टीवीके प्रमुख मुख्यमंत्री विजय और कई अन्य को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस चुनाव दौरान वोटरों को प्रभावित करने के लिए कथित बच्चों के इस्तेमाल की शिकायत पर जारी की गई है। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता एल. वासुकी ने एक जनहित याचिका दायर की थी। बच्चों के इस्तेमाल के साथ-साथ चुनाव में कथित भ्रष्टाचार को लेकर भी शिकायत की गई थी।

### क्या है पूरा मामला?

याचिका में कहा गया है कि 21 अप्रैल 2026 को YMCA ग्राउंड, चेन्नई में एक चुनावी सभा



के दौरान, टीवीके के अध्यक्ष ने कथित तौर पर बच्चों को यह कहकर प्रभावित करने की कोशिश की कि वे अपने माता-पिता को मतदान के लिए प्रेरित करें। वासुकी का कहना है कि इस भाषण के वीडियो और मीडिया कवरेज ने सोशल मीडिया पर जोरदार चर्चा पैदा कर दी। डिजिटल और सोशल मीडिया पर अनेक वीडियो सामने आए हैं, जिनमें बच्चे अपने माता-पिता को किसी विशेष उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रभावित करते नजर आ रहे हैं। वासुकी ने यह भी आरोप लगाया कि तमिलनाडु के कई निर्वाचन क्षेत्रों में नकद भुगतान और वोट खरीदने जैसी घटनाओं की रिपोर्टें सामने आई हैं। इनमें मायलापुर, अलंगुलम और थिरुमंगलम जैसे क्षेत्र शामिल हैं। यहां मतदाताओं को पैसे बांटने को लेकर विरोध प्रदर्शन भी हुए। याचिका में यह भी उल्लेख है कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद ECI और CEO की तरफ से कोई पारदर्शी या प्रभावी जांच शुरू नहीं की गई। वासुकी का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया में इस तरह की निष्क्रियता संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 का उल्लंघन है। सीएम विजय के साथ-साथ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोदी जी ने न जिम्मेदारी ली, न धर्मेंद्र प्रधान को हटाया, नीट लीक मामले में सरकार पर बरसे राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में एक बार फिर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने राजस्थान में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए लिखा, नीट पेपर लीक ने लाखों छात्रों का का भविष्य बर्बाद कर दिया। कई बच्चों ने तो अपनी जान तक गंवा दी। मोदी जी ने न जिम्मेदारी ली, न धर्मेंद्र प्रधान को हटाया।

### राहुल ने धर्मेंद्र प्रधान को हटाने की मांग की

लगातार नीट पेपर लीक का मामला उठा रहे राहुल गांधी ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, जब मोदी जी इटली में टॉफी खिलाते हुए रील्स बना रहे थे, पेपर लीक



से त्रस्त भारत के युवा सड़कों पर न्याय मांग रहे थे। क्योंकि नीट पेपर लीक ने लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद कर दिया। कई बच्चों ने तो अपनी जान तक गंवा दी और मोदी जी ने न जिम्मेदारी ली, न धर्मेंद्र प्रधान को हटाया, न एक शब्द कहा। राहुल गांधी ने आगे लिखा, अब जब छात्र,एनएसयूआई और कांग्रेस के कार्यकर्ता न्याय की आवाज उठा रहे हैं। भाजपा की प्रदेश सरकारें उन पर लाठियां बरसा रही हैं। जो सरकार छात्रों के सवालों का जवाब लाठी से देती है, वो जवाबदेही से नहीं - डर से चलती है। पर हम डरने वाले नहीं हैं। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते और देश में पेपर लीक रोकने के लिए एक मजबूत और सुरक्षित सिस्टम नहीं बनता। यह लड़ाई हर उस छात्र के लिए है जिसका भविष्य इस नाकाम सरकार ने चुराया।

### राजस्थान में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

इससे पहले आज जयपुर में नीट पेपर लीक मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भाजपा मुख्यालय की ओर मार्च के दौरान पुलिस से झड़प हो गई। विरोध प्रदर्शन की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दीपक बैज बोले - लग रहा है पीएम हनीमून मनाने गए: कहा- मोदी-मेलोनी की तस्वीरें वेडिंग शूट की तरह

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच देशों की विदेश यात्रा के अंतिम चरण में मंगलवार देर रात इटली की राजधानी रोम पहुंचे। रोम आगमन पर उनका औपचारिक स्वागत इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने किया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी भरी मुलाकात देखने को मिली। इस मुलाकात के बाद छत्तीसगढ़ में राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

### दीपक बैज ने मोदी-मेलोनी मुलाकात पर उठाए सवाल

छत्तीसगढ़ पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की मुलाकात पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे दोनों



### बीजेपी बोली- ये मानसिक दरिद्रता

हनीमून मनाने गए हों। साथ ही उन्होंने दोनों नेताओं की तस्वीरों को वेडिंग शूट जैसा बताया, जो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

### खाद की कमी का उठाया मुद्दा

वहीं दीपक बैज ने प्रदेश में खाद की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि सोसायटी में खाद उपलब्ध नहीं है, जिससे किसान परेशान हैं। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि किसानों के लिए खाद का पर्याप्त स्टॉक कितना है और कमी से निपटने के लिए क्या अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इसके अलावा उन्होंने देश में बढ़ती महंगाई पर भी सरकार को घेरा। उनका कहना है कि पेट्रोल, डीजल, गैस और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम जनता परेशान है। लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है, जबकि सरकार जनता की समस्याओं की ओर ध्यान देने के बजाय विदेश दौरों और प्रचार गतिविधियों में व्यस्त नजर आ रही है। इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया। यह मुलाकात दोनों देशों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जून से महंगी हो जाएंगी मारुति की कारें, कंपनी 30,000 तक बढ़ाने जा रही कीमतें

नई दिल्ली। अगर आप अगले महीने मारुति सुजुकी की नई कार घर लाने की सोच रहे हैं, तो आपके लिए एक बड़ी और थोड़ी जेब ढीली करने वाली खबर है. देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने ऐलान किया है कि वो जून 2026 से अपने सभी मॉडल्स की कीमतों में बढ़ोतरी करने जा रही है. कंपनी अपनी कारों के दाम 30,000 रुपये तक बढ़ाने का मन बना चुकी है. मारुति सुजुकी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दी. कंपनी का कहना है कि लगातार बढ़ रहे लागत के दबाव की वजह से उन्हें ये कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है.



### लगातार बढ़ रही लागत

कंपनी ने बताया, पिछले कुछ महीनों से कंपनी लागत कम करने के लिए हर संभव कोशिश कर रही थी, जिससे ग्राहकों पर बढ़ती कीमतों का असर कम रहे. लेकिन, मौजूदा समय में महंगाई का स्तर काफी ऊंचा हो चुका है और कॉस्ट लगातार बढ़ रही है. ऐसे में कंपनी के पास बढ़ी हुई लागत का एक हिस्सा बाजार पर डालने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है.

### किन गाड़ियों के बढ़े दाम?

मारुति सुजुकी, जो भारत की सबसे बड़ी कार कंपनियों में से एक है, अपनी सस्ती से लेकर लग्जरी गाड़ियों तक के लिए जानी जाती है. कंपनी एस-प्रेसो जैसी बजट कार से लेकर इन्विक्टो जैसे प्रीमियम मॉडल तक बेचती है. अभी इन गाड़ियों की कीमत करीब 3.49 लाख रुपये से शुरू (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### अवैध रूप से भण्डारित रेत को शिवनाथ नदी खुज्जी पुल के पास पुनः नदी में डाला गया



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव को आबंटित खसरा नंबर 488/2 रकबा 2.473 हेक्टेयर भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के पास कालेज के कम्पाउण्ड में खेल मैदान में अवैध रूप से भण्डारित 14 हाईवा (10 चक्का) रेत पाया गया। कालेज के प्राचार्य एवं अन्य व्यक्तियों से पूछताछ करने पर इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं होना बताया गया। अवैध रूप से भण्डारित रेत को शिवनाथ नदी खुज्जी पुल के पास पुनः नदी में डाल दिया गया। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

### जिला जेल राजनांदगांव एवं उप जेल डोंगरगढ़ में स्थापित संपूर्ण भू-भाग नो फ्लाई जोन घोषित

राजनांदगांव (दावा)। महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र यादव ने जिला जेल राजनांदगांव एवं उप जेल डोंगरगढ़ के सम्पूर्ण परिसर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए ड्रोन हेतु नो फ्लाईंग जोन घोषित किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं रायपुर के निर्देश के परिपालन में जेल अधीक्षक जिला जेल राजनांदगांव द्वारा जिला जेल राजनांदगांव एवं सहायक जेल अधीक्षक उप जेल डोंगरगढ़ द्वारा उप जेल डोंगरगढ़ में सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा अप्रिय अवैधानिक गतिविधियों को रोकने के लिए जिला जेल राजनांदगांव एवं उप जेल डोंगरगढ़ में स्थापित संपूर्ण भू-भाग को नो फ्लाई जोन (ड्रोन) घोषित किए जाने का अनुरोध किया गया था।

### नशे में हुड़दंग मचाने वाला आरोपी पकड़ाया



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली थाने का प्रभार संभालते हुए की आई उपेंद्र कुमार शाह ने अपने थाना क्षेत्र के असामाजिक तत्वों पर कडाई से कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। टी आई ने लखोली क्षेत्र में नशे की हालत में हुड़दंग मचाने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए जेल की सीखचों में भेज दिया है। आरोपी का नाम थानेश्वर साहू पिता चेतन साहू उम्र 30 साल निवासी संजय नगर लखोली बताया जाता है। थाना प्रभारी श्री शाह ने बताया कि आज 21 मई को संजय नगर लखोली निवासी थानेश्वर साहू के खिलाफ नशे के हालत में घर एवं आसपास के लोगों को गाली गलौच कर हुड़दंग मचाने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर उसे समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह आक्रोशित होकर गाली गुप्तार कर मारने पीटने पर उतारू हो गया। इस पर उसके खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत उसे गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3) बीएनएसएस की कार्यवाही करते हुए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया? है। उन्होंने बताया कि इस तरह आगे भी शांति व्यवस्था को भंग करने आसामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

### शांति भंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र का शांति भंग करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि गुरुवार 21 मई अभिषेक शर्मा पिता अनिल शर्मा उम्र 28 साल निवासी तुलसीपुर बख्तावर चाल के द्वारा ग्राम रेवाडीह में वाद विवाद कर शांति भंग करने का प्रयास किया जा रहा था इस पर पुलिस ने संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने हेतु धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर तथा पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# नगर निगम अमले की सुबह वार्डों में दबिश, मूलभूत सुविधाओं और निर्माण कार्यों का लिया जायजा

राजनांदगांव (दावा)। शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने और आम नागरिकों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने के लिए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन सुबह खुद वार्डों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार, वार्डों में बिजली, पानी, सफाई और चल रहे निर्माण कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी भी सुबह-सुबह मैदान में उतरकर सुधार की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने तुलसीपुर सिविल लाइन क्षेत्र का सघन दौरा किया। उन्होंने वहां साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और जारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### आयुक्त ने दिए निर्देश : बारिश से पहले साफ हों शहर के बड़े नाले

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वच्छता निरीक्षकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर वार्डों और नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आवासीय कॉलोनियों में नियमित सफाई हो, नालियों से कचरा तुरंत उठाया जाए और खुली भूमि व उद्यानों से कटीली झाड़ियों की छंटाई की जाए। आयुक्त ने सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण कर वहां पर्याप्त पानी की उपलब्धता, समुचित प्रकाश व्यवस्था (लाइटिंग) और साफ-सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश संचालक को दिए। आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मुख्य नाले सहित शहर के अन्य सभी बड़े नालों की सफाई बारिश शुरू होने से पहले पूर्ण करने को कहा। इसके साथ ही नए नाली निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण कर काम जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

### महापौर और आयुक्त स्वयं उतर रहे मैदान में, सचिव के निर्देश पर नोडल अधिकारियों ने भी संभाला मोर्चा, जनसमस्याओं के तत्काल निराकरण की पहल

### समय सीमा में पूरे होंगे निर्माण कार्य

वार्डों में चल रहे विभिन्न विकास व निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी परियोजनाएं तय समय सीमा के भीतर पूरी हो सकें और जनता को उनका लाभ मिल सके। शासन की मंशानुरूप नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए पूरा निगम अमला सुबह से ही मुस्तैदी के साथ जुटा हुआ है।

### ग्रीष्म ऋतु और स्वच्छता सर्वेक्षण पर विशेष फोकस

नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव के निर्देशानुसार, शहर में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने प्रभारित वार्डों में सक्रिय हैं। वर्तमान ग्रीष्म ऋतु (गर्मी के मौसम) और आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए निगम का मुख्य फोकस साफ-सफाई और सुचारू पेयजल आपूर्ति पर है। सभी अधिकारी प्रतिदिन सुबह प्रभारित वार्डों में जाकर पेयजल की स्थिति, तालाबों, उद्यानों, सामुदायिक भवनों की स्थिति और शौचालयों के संचालन को देख रहे हैं। साथ ही वार्ड की जमीनी समस्याओं को समझने और उनके त्वरित निपटारे के लिए स्थानीय पार्षदों से भी निरंतर संपर्क कर समन्वय बनाया जा रहा है

# राजीव गांधी के सपनों का भारत बनाने युवाओं को आगे आना होगा : जितेंद्र मुदलियार



### पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने आयोजित की श्रद्धांजलि व संगोष्ठी सभा, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला बोले– आईटी क्रांति और पंचायती राज में राजीव जी का योगदान ऐतिहासिक

राजनांदगांव (दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सतनाम भवन में एक गरिमापूर्ण श्रद्धांजलि एवं संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके अमर बलिदान को याद करते हुए भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। संगोष्ठी में वक्ताओं ने राजीव गांधी को 20वीं सदी का दूरदृष्टा नेता बताते हुए उन्हें देश में सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और आधुनिक भारत की नींव रखने वाला महान नेतृत्व बताया।

#### डिजिटल और कम्प्यूटर क्रांति की रखी मजबूत आधारशिला

कार्यक्रम को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि राजीव गांधी ने उस दौर में देश को आधुनिक तकनीक और डिजिटल सोच से जोड़ने का साहसिक काम किया। जब भारत विकास के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा था। उन्होंने आगे कहा कि आज देश में मोबाइल, कंप्यूटर, इंटरनेट और डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था जिस शीर्ष स्तर पर पहुंची है, उसकी मजबूत आधारशिला और विजन स्वर्गीय राजीव गांधी ने ही तैयार किया था।

#### युवाओं के सामने आज बड़ी चुनौतियां

मुदलियार ने वर्तमान परिदृश्य का ज्रि करते हुए कहा कि आज देश के युवाओं के सामने रोजगार, शिक्षा और सामाजिक समरसता की बहुत बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं। ऐसे कठिन दौर में राजीव गांधी के विचार और उनकी विकासवादी सोच और अधिक प्रासंगिक हो जाती है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से युवाओं, किसानों, गरीबों और आम नागरिकों की आवाज को मजबूत करती आई है और भविष्य में भी उनके अधिकारों के लिए लड़ती रहेगी।

#### पंचायती राज से लोकतंत्र को पहुंचाया गांव-गांव : धनेश पाटिला

प्रदेश के पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने अपने संबोधन में राजीव गांधी के राजनीतिक विकेंद्रीकरण के प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक मजबूती देकर लोकतंत्र को सीधे गांवों तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनका मानना था कि देश का वास्तविक विकास तभी संभव है जब गांव, किसान, युवा और महिलाएं आर्थिक व राजनीतिक रूप से सशक्त हों। पाटिला ने वर्तमान राजनीतिक माहौल पर चिंता जताते हुए कहा कि आज देश में जिस तरह लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है और सामाजिक सौहार्द को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं। ऐसे समय में राजीव गांधी के विचार ही देश को एकजुट रखने की असली प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कांग्रेसजनों से संगठन को मजबूत कर जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करने का आह्वान किया।

#### नई पीढ़ी तक विचार पहुंचाने का संकल्प

संगोष्ठी के समापन पर उपस्थित सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवन संघर्ष, उनकी आधुनिक विचारधारा और देशहित में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को समाज की नई पीढ़ी और युवाओं तक पूरी प्रखरता के साथ पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर श्रीकिशन खंडेलवाल, पद्मम कोठारी, डॉ. आफताब आलम, कमलजीत सिंह पिंटू, मेहुल मारू, विवेक वासनिक, संतोष पिल्ले, रूपेश दुबे, प्रेम रूचंदानी, पंकज बांधव, अशोक फड़नवीस, सूर्यकांत जैन, राकेश जोशी, पूर्णिमा नागदेव, झम्मन देवांगन, देवेश वैष्णव, सचिन तुरहाटे, मनीष साहू, रसीद खान, तन्मय कोटड़िया, सुरेंद देवांगन, राजेश गुप्ता, वीरेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद, वरिष्ठ कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामित्व योजना के तहत जिले में 1347 अधिकार अभिलेख वितरित

राजनांदगांव (दावा)। जिले में राजस्व विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जिले के 626 ग्रामों में मैप-02 एवं मैप-03 के आधार पर अधिकार अभिलेख तैयार करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 626 ग्रामों के मैप-02 एवं मैप-03 प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 23 ग्रामों का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। प्राप्त मैप-02 एवं मैप-03 के आधार पर 80 हजार 42 अधिकार अभिलेख तैयार किए जाने का अनुमान है। इनमें से अब तक 1 हजार 347 अधिकार अभिलेख तैयार कर हितग्राहियों को वितरित किए जा चुके हैं। वहीं 78 हजार 695 अधिकार अभिलेख तैयार किए जाना शेष है। तहसीलवार प्रगति के अनुसार राजनांदगांव तहसील में 16 हजार 816 संभावित अधिकार अभिलेखों के विरूद्ध 112 तैयार किए गए हैं। छुरिया तहसील में 10 हजार 667 संभावित अधिकार अभिलेखों में से 882 तैयार कर हितग्राहियों को वितरित किए गए हैं। कुमरदा तहसील में 9 हजार 377 संभावित अधिकार अभिलेखों में से 238 अधिकार अभिलेख तैयार कर वितरित किए गए हैं। वहीं डोंगरगांव तहसील में 16 हजार 944 संभावित अधिकार अभिलेखों में से 115 अधिकार अभिलेख तैयार कर हितग्राहियों को प्रदान किए गए हैं। राजस्व विभाग द्वारा बताया गया कि त्रुटिपूर्ण मैप-02 में संशोधन कार्य प्रक्रियाधीन है। संशोधन कार्य पूर्ण होने के बाद शेष अधिकार अभिलेख तैयार कर हितग्राहियों को वितरित किए जाएंगे। स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र में निवासरत नागरिकों को संपत्ति का अधिकार अभिलेख मिलने से संपत्ति संबंधी वैधानिक पहचान सुनिश्चित हो रही है तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिल रही है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ -जिला राजनांदगांव, तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं. 00019 तुमड़ीलेवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT202526420506800006

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम तुमड़ीलेवा के वर्तमान भूमिस्वामी दीपक पिता- रोशनलाल पता- सा जवाहर नगर, सुपेला, भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 148/8 (0.1440) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संदीप लाल पिता- मसीहदान मोहन लाल पता- के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/05/2026 को जारी किया जाता है।

श्रीमती सुरेखा वर्मा
नायब तहसीलदार

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**
राजस्व मामला क्रमांक 202605093700034
अ-6 वर्ष 2025-26

**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्द्र विलास आ. स्व. खेमलाल श्रीवास्तव, निवासी-श्रृष्टि कालोनी कौरिनभांठा राजनांदगांव, तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव मोहल्ला सुनारपारा स्थित शीट क्रमांक 49ए, भूखण्ड क्रमांक 177/2, क्षेत्रफल 125.00 वर्गमीटर जो धारकगण विद्याविलास आ. स्व. खेमलाल, गीताबाई ध.प. स्व. रामविलास, मयंक, प्रियंक आ. स्व. रामविलास, इन्द्रविलास आ. स्व. खेमलाल, मनोरमा ध.प. स्व. राजविलास, रोशनी, सुरभी, साक्षी सभी आ. स्व. राजविलास, निवासी-सोनारपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत बंटवारानामा के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 05.06.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

# जिला चिकित्सालय का किचन नए स्थल पर संचालित



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय में आदर्श जन जागृति महिला स्वसहायता समूह राजनांदगांव द्वारा संचालित किचन स्थल को मुख्य भवन के सामने स्थित पुराने ओपीडी स्थल पर आवश्यक व्यवस्था करते हुए स्थानांतरित कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को बिना किसी व्यवधान के स्वच्छ, पौष्टिक एवं उचित मात्रा में संतुलित आहार प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों को प्रतिदिन समयानुसार नास्ता एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

**जल ही जीवन है...**








**आवश्यकता है**
ड्राइवर और वर्कर की.
ओम पेयजल, राजनांदगांव में काम करने हेतु
कार्य स्थानः राजनांदगांव
जल्दी संपर्क करें...
8103758669, 7999161135


**शुभांक**

अनुमानित
बी. के.
3-5-8
156-2 130-4
राजधानी
1-7-9
788-3 488-0

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

**ईश्तहार**

क्रं. 473/ अविअ/प्रवा0-3/2026
राजनांदगांव, दिनांक 04/05/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र कुमार साहू पिता हरधराम साहू, निवासी ग्राम चिचबोड, पोस्ट बेलमाड, तहसील व जिला बालोद द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम बरगाही, पटवारी हल्का नंबर 30, खसरा नंबर 167/85 रकबा 0.0400 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 14/05/2026 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 04/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ -जिला राजनांदगांव, तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं. 00059 ककरेल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT202526420510700009

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00059 के अंतर्गत ग्राम ककरेल के वर्तमान भूमिस्वामी गौकरण पिता सुखदास पता-, तुलसी पिता/पति-सुखदास पता-, सुनील पिता सुखदास पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 11/1(0.7710) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संदीप लाल पिता मोहन लाल पता- के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/05/2026 को जारी किया जाता है।

DIVYA VAIDYA
नायब तहसीलदार

## कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छ.ग. )

**-:: सार्वजनिक सूचना ::-**

कमांक/2059/भू-अर्जन/भूक्रनी/2025 — राजनांदगांव, दिनांक 13/05/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत **राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ परिक्रमा पथ लंबाई 8.00 कि.मी. के निर्माण कार्य** हेतु प्रभावित ग्राम **छीरपानरी** प.ह.नं.24 रा.नि.मं. व तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण (भ/स) संभाग, राजनांदगांव के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है:-

| क्र | भूधारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हे.में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | श्री तिरथ राम पिता बंशी, मन्टोरा पति बंशी, ललीत व मनोज पिता जुगुल, लक्खीबाई पति जुगुल जाति- तेली | 194/5 | 0.199 | 0.151 | असिंचित/ मुख्य मार्ग से अंदर |
| 2. | लवजीत कौर भाटिया पति अनुनीत सिंग भाटिया, जाति सिक्ख | 194/7 | 0.222 | 0.151 | -''- |
| 3. | श्री बिसराम पिता तीजू, तिजराम, सुकलाल पिता बोधन, जाति लोधी | 193 | 0.809 | 0.151 | -''- |
| 4. | श्री सुभाषचंद्र सुराना पिता भिकम चंद सुराना श्री गुलाब चंद जैन पिता तुलसी चंद जैन | 195/1 | 1.255 | 0.151 | -''- |
| 5. | श्री फहीम अख्तर पिता शमीम अख्तर | 196/2 | 0.910 | 0.400 | -''- |
| 6. | श्री रोहित कुमार साहू, मनीष साहू, गिरिजा साहू सभी पिता कंगलू राम साहू, बुधान्तीन बाई साहू, पति कंगलू राम साहू जाति तेली | 196/1 | 1.922 | 0.336 | -''- |
| 7. | श्री जनक कुमार, राजेन्द्र कुमार , संतोषी बाई, हरिशचंद्र, रविन्द्र कुमार, अशोक कुमार, नंदनी बाई, सभी पिता श्री प्रेमलाल, श्रीमती कांतीबाई पति श्री प्रेमलाल, जाति गोंड, निवासी- छिरपानी. | 126/1 | 0.365 | 0.151 | -''- |
| 8. | श्री समेलाल पिता श्री सीताराम, जाति- कलार | 124/1 | 1.683 | 0.400 | -''- |
| 9. | श्री केशव कुमार चंद्रवंशी पिता देवनाथ चंद्रवंशी, जाति-तेली | 35/7 | 0.230 | 0.151 | -''- |
| 10. | श्री ओमप्रकाश पिता गिरधारी, जाति- महेश्वरी, | 28 | 1.295 | 0.200 | -''- |
| 11. | श्री अक्षय मोदी, आकांक्षा मोदी पिता राजकुमार मोदी, श्रीमती ऊषा मोदी पति राजकुमार मोदी, निवासी-गोविंदपुर, मोदी नगर, गाजियाबाद (यू.पी.) | 194/3 | 0.385 | 0.151 | -''- |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

जी-262700905-2 — कलेक्टर, जिला-राजनांदगांव

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दिग्विजय स्टेडियम समिति के पदभार ग्रहण समारोह में हुए शामिल




**बास्केटबाल, क्रिकेट, टेनिस, स्नूकर, बिलियर्डस, शतरंज जैसे खेलों के लिए स्टेडियम का किया जा रहा अच्छा उपयोग**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज दिग्विजय स्टेडियम समिति के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिग्विजय स्टेडियम समिति के सचिव रमेश पटेल एवं सहसचिव योगेश बागड़ी को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम में बास्केटबाल, क्रिकेट, टेनिस, स्नूकर, बिलियर्डस, शतरंज जैसे खेलों के लिए स्टेडियम का अच्छा उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले को शतरंज के खेल के हब के रूप में विकसित किया जा सकता है। दिग्विजय स्टेडियम के समतलीकरण एवं निर्माण के लिए 15 लाख रूपए तथा विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 14 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। कुल 29 लाख रूपए के कार्यों की मांग की गई है, जो एक सप्ताह में स्वीकृत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी वित्तीय मुद्दों को लेकर जिला स्तरीय व्यापारी महाअधिवेशन शामिल हुए। उन्होंने स्टेट कैपिटल रीजन में राजनांदगांव जिले को शामिल करने की एतिहासिक घोषणा की है। जिसमें जिले के भविष्य की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि विगत ढाई साल में जिले में विकास कार्य तेजी से हो रहे है। अब तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ढाई हजार करोड़ रूपए की राशि राजनांदगांव के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की है। उन्होंने स्टेडियम को सक्रिय करने एवं खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कहा। महापौर मधुसूदन यादव ने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद सक्रियता से खेल गतिविधियों को सुध ली है और आगे भी खेल गतिविधियां जारी रहेगी। इससे सभी खेल प्रेमियों को लाभ मिलेगा।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि खेल, युवा एवं समाज हम सभी का भविष्य है। जिले में बहुत से बेहतरीन खिलाड़ी आगे आए हैं, जिन्होंने शहर का नाम रौशन किया है। एक खिलाड़ी शहरी के नाम की परिभाषा बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों में ऊर्जा लगाएं और उन्हें खेलों के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे नशे की ओर नहीं जाए। एक हॉबी के रूप में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दें। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय एस्टोटर्फ हॉकी स्टेडियम की टेंडर लगी हुई है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की दूरदर्शिता से दिग्विजय स्टेडियम के निर्माण के साथ ही यह भी व्यवस्था की गई है कि स्टेडियम के मेंटेनेंस के लिए फंड जनरेट होता रहे। इसके लिए दुकाने किराए पर दी गई है। नवागांव में 8 करोड़ रूपए की लागत से एथलेटिक ट्रेक बनेगा। बैटमिंटन कोर्ट का भी अनुमोदन हो गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष योगेश्वरदत्त मिश्रा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति किरण वैष्णव, राजगामी संपदा अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, राजगामी संपदा के उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत, कोमल जंघेल, सौरभ कोठारी, नरेश डाकलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न



**3 परीक्षा केंद्रों में 538 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 207 रहे अनुपस्थित, जिला प्रशासन और व्यापम के कड़े नियमों के बीच बरती गई पूरी पारदर्शिता**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित पीपीएचटी (प्री-फार्मेसी टेस्ट) प्रवेश परीक्षा 2026 आज जिले में पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न हो गई। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 3 विशेष परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे। जहां व्यापम के कड़े दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा आयोजित की गई।

### 72 फीसदी से अधिक रही परीक्षार्थियों की उपस्थिति

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार इस प्रवेश परीक्षा के लिए जिलेभर से कुल 745 परीक्षार्थियों का पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) किया गया था। परीक्षा के दौरान 538 छात्र-छात्राओं ने केंद्रों में पहुंचकर परीक्षा दी। 207 आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से कराने के लिए सभी केंद्रों में परीक्षार्थियों के प्रवेश, अनिवार्य दस्तावेज सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन), बैठने की व्यवस्था (सीटिंग अरेंजमेंट) तथा सुरक्षा संबंधी तमाम पुख्ता तैयारियां पूर्व निर्धारित मानकों के अनुसार समय पर पूरी कर ली गई थीं। अनुशासन बनाए रखने के लिए निर्धारित समयानुसार परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पूरी तरह बंद कर दिए गए। जिसके बाद देरी से आने वाले किसी भी परीक्षार्थी को भीतर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल को रोकने के लिए पर्यवेक्षक दल और एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वाड टीम) द्वारा सभी केंद्रों का सतत निरीक्षण और कड़ी निगरानी की गई, जिससे परीक्षा कक्षों में पूर्ण अनुशासन और पारदर्शिता बनी रही। जिला प्रशासन, पुलिस बल एवं शिक्षा विभाग के समन्वित प्रयासों से पूरे जिले में परीक्षा निष्पक्ष और व्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न करा ली गई।

# ब्लॉक संयोजक रहे स्व. वर्मा को फेडरेशन की ओर से 26 मई को दी जाएगी श्रद्धांजलि



**जिला संयोजक सतीश ब्योहरे की उपस्थिति में नए ब्लॉक संयोजक हेतु बनाई जाएगी आम सहमति, सभी कर्मचारी संघों और पदाधिकारियों से उपस्थित रहने की अपील**

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ द्वारा हाल ही में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक रहे स्व. भेल सिंह वर्मा के आकस्मिक निधन पर एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि कर्तव्यनिष्ठ संयोजक श्री वर्मा का विगत 14 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया था, जिससे कर्मचारी जगत में शोक की लहर है।

### न्यू रेस्ट हाउस में आयोजित होगी श्रद्धांजलि सभा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ की ओर से आगामी 26 मई को संध्या 6 बजे स्थानीय न्यू रेस्ट हाउस डोंगरगढ़ में इस श्रद्धांजलि सभा का आयोजन तय किया गया है। इस दौरान सभी विभागों के कर्मचारी और शिक्षक एकत्रित होकर स्वर्गीय भेल सिंह वर्मा द्वारा संगठन हित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों व उनके संघर्षों को स्मरण करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। श्रद्धांजलि सभा के साथ ही संगठन के कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय भी लिया जाएगा। इस अवसर पर फेडरेशन के जिला संयोजक सतीश ब्योहरे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उनकी गरिमापूर्ण उपस्थिति में डोंगरगढ़ ब्लॉक इकाई के नए ब्लॉक संयोजक के चुनाव हेतु सभी संबद्ध घटकों के बीच विचार-विमर्श कर आम सहमति बनाई जाएगी। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी कर्मचारी व शिक्षक संघों के अध्यक्ष, सचिव, समस्त पदाधिकारियों, महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों, सदस्यों तथा शिक्षक संवर्ग से विनम्र आग्रह किया है कि वे इस कार्यक्रम में अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

# हिंदू संगठनों का लव जेहाद पर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा



**○ लड़की को परिजनों के हवाले करने की मांग**
**○ समाज उतरेगा उग्र आंदोलन के लिए**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के तुलसीपुर नगर निवासी कायस्थ समाज की युवती और कसाई पारा निवासी मुस्लिम समाज के युवक के साथ प्रेम-प्रसंग का मामला शहर में उग्र रुप धारण किए हुए हैं। इस संबंध में उक्त कायस्थ समाज की युवती के परिजनों सहित हिंदू संगठनों के लोगों के विरोध में सामने आने से लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। कायस्थ समाज और हिंदू संगठन के लोगों लड़की को दूसरे पक्ष द्वारा बलात अपने साथ ले जाने पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए लड़की को उनके परिजनों को सौपे जाने की मांग की है। बता दें कि लड़का और लड़की द्वारा अंतर्जातीय विवाह के लिए कोर्ट में आवेदन दे रखे हैं। उसकी सुनवाई होनी है। इसके बाद मामले में और भी सरगर्मी बढ़ सकती है।

### थाने में लड़की की गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज

कायस्थ समाज के समीर श्रीवास्तव ने बताया कि तुलसीपुर निवासी उनके माता-पिता ने थाने में उक्त लड़की के गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। तब उक्त लड़की के पुलिस के पास आने पर सबसे पहले उसके माता-पिता बुलाकर उनके हवाले किया जाना था। लेकिन पुलिस ऐसा नहीं कर पाई। हालांकि लड़की और लड़का दोनों ने कोतवाली थाना पहुंचकर अपने बालिग होने का हवाला देते हुए उनकी शादी कराने के लिए पुलिस से मदद मांगी। इस पर दोनों को एसडीएम के पास भेज दिया गया। यही पर से मामला बिगड़ गया। पुलिस के रहते दूसरे पक्ष द्वारा बलात उन्हें ले जाने से युवती के परिजनों व हिंदू संगठनों के लोगों ने इस पर आपत्ति व्यक्त की और हिंदू संगठनों के लोगों ने रात में महावीर चौक पर चक्का जाम कर दिया या। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा की उपस्थिति में धरना प्रदर्शन करने वालों को समझाइश दिए जाने पर रात में लगभग 11 बजे यातायात सामान्य हुआ। इसके अगले दिन इस घटना के संबंध में आक्रोश प्रकट करते हुए सैकड़ों की संख्या में कलेक्ट्रेट के सामने फ्लाई ओवर के नीचे कायस्थ समाज और विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल आदि हिंदू संगठन के लोग सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा की पाठ की और रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान हिंदू संगठनों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस द्वारा कलेक्टोरेट गेट को बंद कर दिया इसके बाद भी संगठन के लोग गेट फांदकर कलेक्टर परिसर तक पहुंच गए और कलेक्टर से मुलाकात कर लड़की की सुरक्षा पर चिंता जताई।

इस दौरान विहिप के नवीन अग्रवाल ने कहा कि हिंदू लड़की को ले जाने वाला उक्त युवक आपराधिक बैंक ग्राउंड का है। इससे उन्होंने उक्त आपराधिक बैंक ग्राउंड के लड़के के साथ लड़की के सुरक्षित नहीं होने की आशंका व्यक्त की है और कहा है कि लड़की को एक माह तक लड़के के संपर्क से दूर रखा जाए तभी वह स्वतंत्र रुप से निर्णय लें सकेगी। वहीं विहिप के विभाग मंत्री अनूप श्रीवास ने कहा कि कलेक्टर से मुलाकात के दौरान उन्होंने आश्वस्त किया है कि अभी लड़की दो दिनों तक सखी सेंटर में सुरक्षित रहेगी। फिलहाल उक्त लड़की सखी सेंटर के सुपुर्द में है।

### लड़की को परिजनों को सौंपने की मांग

बता दें कि घटना के पहले ही दिन पुलिस की कार्रवाई को लेकर हिंदू संगठन के लोगों ने काफी नाराजगी जाहिर कि और उनके सामने ही लड़की को बलात ले जाने पर आक्रोश जाहिर करते हुए सड़क पर चक्काजाम किया। प्रशासन ने तत्काल थाना कोतवाली टीआई मिलन सिंह को लाइन अटैच कर दिया। इधर हिंदू संगठन के नंदू साहू, अनूप श्रीवास आदि लोगों को कहना है कि लड़की पर दबाव बनाया गया है। जिसके चलते वह अभी निर्णय नहीं ले पा रही है। उनकी मांग है कि लड़की को उसके परिजनों को सौपा जाए। हिंदू संगठन के लोगों द्वारा कायस्थ समाज की बड़ी बैठक कर उक्त संबंध में आगे उग्र आंदोलन करने की बात कही गई है। जानने में आ रहा है कि लड़का और लड़की द्वारा अपनी शादी के लिए कोर्ट में आवेदन दे रखे हैं जिस पर निर्णय 29 मई को होने वाला है। देखना यह है कि इस संदर्भ में कोर्ट का क्या फैसला आता है। बहर हाल भीषण गर्मी के दिनों में यह मामला माहौल को और भी गर्म बनाए हुए हैं।

# राज्य शासन द्वारा नागरिकों के लिए की गई बड़ी डिजिटल पहल

सेवा सेतु
जनता के द्वार, डिजिटल सरकार
**सेवा सेतु केंद्र**
जनता के द्वार, डिजिटल सरकार

**सेवा सेतु पोर्टल पर मिलेगी 441 शासकीय सेवाएं**

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विजन के अनुरूप राज्य शासन द्वारा सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए सेवा सेतु पोर्टल की शुरूआत की गई है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को घर बैठे विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही है। कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों एवं दूरस्थ अंचलों में रहने वाले ग्रामीणों से अपने छोटे-छोटे कार्यों के प्रमाण पत्रों, राजस्व कार्यों और अन्य सरकारी सेवाओं के लिए जिला या ब्लॉक मुख्यालय आने के बजाय सेवा सेतु पोर्टल का अधिकतम उपयोग करने की अपील की है।

सहायक प्रबंधक जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी राजनांदगांव आशीष स्वर्णकार ने बताया कि सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध हो पाएगा। इस एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विभिन्न शासकीय विभागों की कुल 441 जन-कल्याणकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, राजस्व मामले, राशन कार्ड, विवाह प्रमाण पत्र, नाम परिवर्तन हेतु राजपत्र प्रकाशन और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं शामिल हैं। इस डिजिटल पहल का मुख्य उद्देश्य शासकीय सेवाओं को पूरी तरह पारदर्शी, बाधारहित एवं समयबद्ध बनाना है। पोर्टल के माध्यम से आवेदक अपने आवेदनों की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक कर सकेंगे। हर सेवा के लिए एक निश्चित समय-सीमा तय की गई है। जिससे आम जनता के काम बिना किसी देरी के पूरे होंगे। छत्तीसगढ़ में पहले ईडिस्ट्रिक परियोजना के माध्यम से केवल 86 सेवाएं उपलब्ध थी। समय की आवश्यकता को देखते हुए इसका उन्नत संस्करण सेवा सेतु विकसित किया गया है। जिसमें अब 441 सेवाएं जोड़ी जा चुकी है। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनी है।

राज्य शासन की यह डिजिटल पहल विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में रहने वाले नागरिकों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। अब ग्रामीणों को छोटे-छोटे प्रमाण पत्रों और कामों के लिए जिला या ब्लॉक मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने नजदीकी सेवा सेतु केन्द्र या स्वयं के मोबाइल और कम्प्यूटर के माध्यम से सेवा सेतु पोर्टल का लाभ उठा सकेंगे। राज्य शासन इस पोर्टल के माध्यम से न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के संकल्प को धरातल पर उतार रही है। जिससे नागरिकों के समय और धन दोनों की बचत होगी। हर सेवा के लिए एक समय-सीमा तय की गई है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। जिसका लक्ष्य जिले के अंतिम व्यक्ति तक इस डिजिटल सुविधा का लाभ पहुंचाना है।

# प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का धरना स्थगित, स्थल चयन होने तक बंद रहेगी गैंदाटोला शराब दुकान




**○ स्कूली छात्राओं और महिलाओं से अभद्र व्यवहार के विरोध में सप्ताह भर से आंदोलन पर थे ग्रामीण**
**○ तहसीलदार और सहायक आबकारी आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर दिलाई सहमति**

छुरिया/ गैंदाटोला (दावा)। गैंदाटोला-नून्हाटोला मार्ग पर स्थित शराब भट्टी को हटाने की मांग को लेकर पिछले एक सप्ताह से चल रहा ग्रामीणों का उग्र धरना प्रदर्शन आखिरकार समाप्त हो गया है। सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी, तहसीलदार आकांक्षा साहू और गैन्दाटोला थाना प्रभारी राजेश साहू ने धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को शराब भट्टी शीघ्र हटाने का ठोस आश्वासन दिया। अधिकारियों की सहमति के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया। सहायक आबकारी आयुक्त तिवारी ने आंदोलनकारियों के बीच घोषणा की कि जब तक नई शराब दुकान के लिए वैकल्पिक स्थल का चयन नहीं हो जाता, तब तक वर्तमान मार्ग पर स्थित शराब दुकान पूरी तरह से बंद रखी जाएगी।

### छात्राओं से छींटाकशी के विरोध में लामबंद हुए थे ग्रामीण

उल्लेखनीय है कि इस शराब भट्टी के कारण मार्ग से गुजरने वाली स्कूली छात्राओं और स्थानीय महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों का आरोप था कि आए दिन शराबी यहां आने-जाने वाली महिलाओं के साथ छींटाकशी और अभद्र व्यवहार करते थे। इससे नाराज होकर करीब एक महीने पहले पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू और क्षेत्र के ग्रामीणों ने लामबंद होकर पहली बार मोर्चा खोला था। उस समय आबकारी विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि नए वित्तीय सत्र यानी 1 अप्रैल से दुकान को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

### टेंडर में आवेदन न आने से बिगड़ी बात, दोबारा शुरू हुआ आंदोलन

विभाग द्वारा तय तारीख पर शराब भट्टी नहीं हटाई जा सकी। बताया गया कि 1 अप्रैल को होने वाला टेंडर प्रक्रिया के तहत 17 अप्रैल को खुला, लेकिन गैन्दाटोला शराब भट्टी के संचालन के लिए किसी भी ठेकेदार का आवेदन नहीं आया। नतीजा यह हुआ कि शराब दुकान अपने पुराने निर्धारित स्थल पर ही खुल गई। वादाखिलाफी से नाराज होकर पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, सर्व आदिवासी समाज, और किसान मोर्चा के सुदेश टीकम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने दोबारा शराब भट्टी के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सप्ताह भर तक चले इस आंदोलन के आगे झुकते हुए आखिरकार आबकारी व राजस्व अमले को मौके पर पहुंचना पड़ा। आंदोलन की सफलता के दौरान धरना स्थल पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, सुदेश टीकम, सूर्य कुमार खिलारी, प्यारे लाल मंडावी, जयपाल यादव, पी.आर. पन्द्रे, मदन साहू, मोती साहू सहित बहुत बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण जन और महिलाएं उपस्थित थीं।

# ग्राम सलोनी में सामाजिक बहिष्कार का किया निराकरण



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सलौनी निवासी लेखराम वर्मा एवं अन्य पांच ग्रामीणों द्वारा सामाजिक बहिष्कार को खत्म कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदकों द्वारा बताया गया कि उन्हें सामाजिक बहिष्कार कर गांव से अलग कर दिया गया है। जिससे उनकों कृषि कार्य, त्यौहार, वैवाहिक सहित अन्य कार्यक्रमों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिकारियों निर्देशित किया गया। तहसीलदार अमिय श्रीवास्तव, टीआई सुमन जायसवाल, अतिरिक्त तहसीलदार सोनित मेरिया द्वारा सामाजिक बहिष्कार को समाप्त कराने के संबंध में ग्राम सलौनी में सामाजिक एवं ग्राम समिति की बैठक ली गई। बैठक में दोनों पक्षों को समझाईश दी गयी। बैठक पश्चात उभयपक्षों में सामाजिक बहिष्कार को समाप्त करने एवं मिल-जुल कर रहने के संबंध में सहमति दी गई। ग्रामीणों द्वारा भविष्य में किसी भी ग्रामीण का सामाजिक बहिष्कार नहीं करने की भी सहमति दी गई।

# अधिक मास में श्याममय होगा राजनांदगांव, 25 से 29 मई तक सजेगा भक्ति का विराट दरबार



**पहली बार निकलेगी सूरजगढ़ धाम की निशान यात्रा, देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक देंगे प्रस्तुतियां**
**खाटू धाम की तर्ज पर सज रहा गायत्री विद्या पीठ परिसर, नौ कुण्डीय महायज्ञ और विशाल भंडार के साथ होगा समापन**
**25 मई को निकलेगी भव्य सूरजगढ़ निशान यात्रा**

राजनांदगांव (दावा)। इस वर्ष अधिक मास का पावन पर्व संस्कारधानी राजनांदगांव में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा के एक अद्भुत संगम का साक्षी बनने जा रहा है। अधिकस्य अधिकं फलम् की दिव्य भावना के साथ शहर में पहली बार पांच दिवसीय विराट श्री श्याम भक्ति अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आगामी 25 मई से 29 मई 2026 तक आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक धार्मिक महोत्सव में निशान यात्रा, श्री श्याम चरित्र कथा, संगीतमय अभिषेक, भव्य भजन संध्या एवं नौ कुण्डीय श्री श्याम महायज्ञ जैसे दिव्य अनुष्ठान होंगे, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

### खाटू धाम जैसा दिखेगा आयोजन स्थल

महोत्सव के लिए आयोजन स्थल श्री खाटू धाम गायत्री विद्या पीठ परिसर को बेहद भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। लगभग 18 हजार वर्गफुट के सर्वसुविधायुक्त विशाल शेड में पूरे परिसर को अलौकिक विद्युत सज्जा, पुष्प सजावट और आध्यात्मिक वातावरण से अलंकृत किया जा रहा है, ताकि स्थानीय श्रद्धालुओं को राजनांदगांव में ही खाटू धाम जैसा अलौकिक अनुभव प्राप्त हो सके।

महोत्सव का शुभारंभ सोमवार 25 मई को शाम 5 बजे गायत्री मंदिर प्रांगण से भव्य सूरजगढ़ निशान यात्रा के साथ होगा। यह विशाल यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दासी श्याम कुटीर (रामाधीन मार्ग) तक पहुंचेगी। यात्रा में ढोल-नगाड़ों, श्याम जयकारों और सैकड़ों निशानों के साथ हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। इस विशेष अवसर पर सूरजगढ़ दरबार से प्रसिद्ध श्याम भक्त हजारी लाल इंदौरिया अपनी टीम के साथ शामिल होंगे। वहीं राजस्थान स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के निज पुजारी सेवक परिवार से मानवेन्द्र सिंह चौहान 'काना भैया' महाराज का आगमन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### संगीतमय अभिषेक और दिव्य श्याम चरित्र कथा

26 मई को सुबह 9 से 10:30 बजे लड्डू गोपाल जी एवं युगल सरकार जी का भव्य संगीतमय अभिषेक पूजन सात विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होगा। 26 से 28 मई को शाम 4:30 से 7:30 बजे सुप्रसिद्ध कथावाचक अर्पित भाई शर्मा द्वारा श्री श्याम चरित्र कथा का रसपान कराया जाएगा।

### देशभर के दिग्गज गायक बहाएंगे भजन की गंगा

प्रतिदिन कथा के पश्चात रात्रि 8 बजे से प्रभु इच्छा तक विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें वृंदावन से ब्रज रसिक पारस लाड़ला, खाटू श्याम धाम से योगेश शर्मा, नई दिल्ली से मयूर रस्तोगी, नागपुर से पंकज उपाध्याय, गणेश शर्मा एवं आकाश यादव बाबा श्याम के चरणों में अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगे। विशेष रूप से 27 मई की एकादशी रात्रि को आयोजित होने वाली भजन संध्या भक्तों के लिए मुख्य आकर्षण होगी।

### नौ कुण्डीय महायज्ञ और महाप्रसादी से समापन

महोत्सव का समापन 29 मई को प्रातः कालीन अभिषेक पूजन और शाम 4:30 बजे से आयोजित भव्य नौ कुण्डीय श्री श्याम महायज्ञ एवं पूर्णाहुति के साथ होगा। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से विशाल श्याम रसोई (महाप्रसादी भंडारा) का आयोजन किया जाएगा। परम श्रद्धेय नंदकिशोर शर्मा 'बंदू नैया जी' के आशीर्वाद से आयोजित इस दिव्य महोत्सव को सफल बनाने के लिए श्री खाटू श्याम लखदातार सेवा परिवार और गायत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन के मार्गदर्शन में गायत्री विद्या पीठ के सदस्य जुटे हुए हैं। समिति के अमित खण्डेलवाल, अमित शर्मा ट्रेवलर्स, राजू डागा, संजय तेजवानी, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, अखिलेश (रावत) खण्डेलवाल, सुषमा सिंह, टीना खण्डेलवाल, ममता अवस्थी, निधि बाचपेयी, अर्चना दास, लता बंसोड़, रागिनी शर्मा, कीर्ति अग्रवाल एवं पिंकी खण्डेलवाल सहित अनेक श्याम प्रेमी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

## अनमोल दावा

**सिर्फ उतना ही विनम्र बनो जितना जरूरी हो, बेवजह की विनम्रता दूसरों के अहम को बढ़ावा देती है।**

## सम्पादकीय

# ई-फार्मेसी के विरोध में दवा एसो. की हड़ताल बेमानी

देश में दवाओं की आनलाईन बिक्री के मुद्दे पर लम्बे समय से विवाद चल रहा है। दवा दुकानों का एसोसिएशन आल इंडिया आर्गेनाइजेशन आफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्टस (एआई ओ.सी.डी.) ने आनलाईन बिक्री याने ई-फार्मेसी पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक दिनी भारत भर में दवा व्यापार बंद रखा। ए.आई.ओ.सी.डी. ने इस प्रकार सरकार पर दबाव बनाने का प्रयास किया है। 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल सफल रही। देश के 15 लाख दवा दुकानदारों ने इसमें हिस्सा लिया था। स्वाभाविक रूप से आम लोग परेशान हुए। वैसे, 'तमाम प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्रों' की दुकानें खुली रही। जिससे ज्यादा हाय तौबा नहीं मची।

दवा दुकानदारों का कहना है कि, आनलाईन दवाओं की बेतहाशा बिक्री हो रही है और ई-फार्मेसी डिस्काउंट भी बहुत दे रही है। फलस्वरूप, दवा दुकानदारों के व्यापार को झटका लगा है। किन्तु, इससे भी बड़ा खतरा नकली दवाओं का है। आनलाईन फार्मेसी के द्वारा नकली दवाओं की बिक्री बढ़ रही है। जिसके कारण मरीजों की सुरक्षा के सामने खतरा बढ़ा है। इस खतरे को रोकने के लिए ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर निःसंदेह सम्पूर्ण रूप प्रतिबंध लगा देना चाहिए। ए.आई.ओ.सी.डी. ने अपनी तीन मांगे रखी है। प्रथम तो यही कि आनलाईन बिक्री पूर्णरूप से बंद होनी चाहिए। जिसके बाबत, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा ड्रग्स और कास्मेटिक्स नियम-1945 में सुधार करने के लिए 2018 में एक ड्राप्ट नोटिफिकेशन सार्वजनिक किया था जिसमें जीएसआर 217 को रद्द करना है। इस नोटिफिकेशन में ई-फार्मेसी के नियमन के लिए ढांचा बनाने का आवेदन है। ई-फार्मेसी रजिस्ट्रेशन, प्रिस्क्रिप्शन जांच, शिकायतें आदि मुद्दों को इसमें शामिल किया गया है। किन्तु दवा दुकानों के विरोध के कारण इससे संबंधित कानून अभी तक बना नहीं है। लेकिन, मोदी सरकार ने इस नोटिफिकेशन को रद्द भी नहीं किया है। जिसके कारण, ई-फार्मेसी व्यापार फुल स्पीड में चल रहा है।

इसके सिवाय, कोरोना के दौरान दवाओं की आनलाईन खरीदी और होम डिलिवरी से जुड़े दो नोटिफिकेशन को रद्द करने की भी मांग है। तीसरी मांग यह है कि, आनलाईन कम्पनियों के द्वारा ग्राहकों को दिए जा रहे बड़ा डिस्काउंट पर भी प्रतिबंध लगाने अथवा ड्रग प्राइस कंट्रोल आर्डर (डी.पी.सी.ओ.) में सुधार करके स्थानीय खुदरा दुकानदारों का मार्जिन बढ़ाया जावे, जिससे बाजार की स्पर्धा में वे टिके रहे।

एसोसिएशन लम्बे समय से यह मांग कर रहा है। किन्तु, नरेन्द्र मोदी की सरकार के कानों में जूं नहीं रेंग रही है। उन्हें लगता है कि दवा दुकानदारों की मांगे वाजिब नहीं है। एसोसिएशन को सबसे पहले यह विचार करने की जरूरत है कि, लोग दवा दुकानों के बदले आनलाईन दवाओं के व्यापार में क्यों रूचि ले रहे हैं? कारण बिल्कुल स्पष्ट है। लोगों को दवा दुकानों में मिलती दवाओं से आनलाईन दवाओं से खरीदी करने पर सस्ते दामों में मिल रही है। इस कारण, वे आनलाईन खरीद रहे हैं।

जो दवा दुकानें मैक्जिमम रिटेल प्राइज (एमआरपी) से एक पैसा कम नहीं करते और वहीं दवाएं आनलाईन से 15-20 फीसदी कम कीमत में मिलती हो, तो लोग मूर्ख तो नहीं है कि, वे दवा दुकानदारों के यहां से दवाएं अधिक पैसा देकर खरीदें। ग्राहक स्वाभाविक रूप से अपना फायदा ही देखेंगे। उपर, ई-फार्मेसी को भी सरकार ने मान्यता दी है, इस कारण उनसे भी दवाएं खरीदना गैर कानूनी नहीं है। ई-फार्मेसी भी एक विकल्प बनकर सामने आया है। वास्तव में दवा दुकानदारों को तकलीफ इस बात की है कि वे कई सालों से लोगों को लूट रहे हैं। ग्राहकों को कभी एक पैसा का भी फायदा नहीं दिया। अब स्पर्धा तेज हो गई है और इसका फायदा ग्राहकों को हो रहा है। यही बात दवा दुकानदारों को भारी खल रही है। रही बात नकली दवाओं की तो यह देखना सरकार का काम है।

दवा व्यापार में एक और सबसे बड़ी गड़बड़ शामिल है। फार्मा कम्पनियां डॉक्टरों को गिफ्ट आदि की लालच देकर अपनी ही दवाएं लिखने को कहते हैं और यहां दवा दुकानदार उनकी लूट में भागीदार बन जाते हैं। यह गोरखधंधा कई सालों से चल रहा है। मोदी सरकार ने अच्छा काम यह किया कि 'प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र' शुरू करके लोगों को बिल्कुल सस्ते दामों में दवाएं उपलब्ध कराते रहे, ऐसी व्यवस्था देश में कर दी है। इसके बावजुद यह गंदा धंधा निर्बाध गति से चल रहा है।

# मियावकी वन तकनीक से हरित छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते कदम

## कम समय में घने जंगल तैयार कर पर्यावरण संरक्षण को मिल रही नई दिशा

**धनंजय राठौर, अशोक कुमार चंद्रवंशी**



वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए मियावाकी तकनीक एक बेहद प्रभावी और लोकप्रिय विधि बन गई है। जापानी वनस्पतिशास्त्री डॉ. अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित यह तकनीक केवल 2-3 वर्षों में बंजर भूमि को घने, आत्मनिर्भर सूक्ष्म वनों में बदल देती है। पारंपरिक वृक्षारोपण की तुलना में यह विधि 10 गुना तेजी से बढ़ती है और 30 गुना अधिक घने जंगल बनाती है, जो शहरी क्षेत्रों के लिए आदर्श है।

छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण और वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए मियावकी वन तकनीक तेजी से अपनाई जा रही है। राज्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड द्वारा इस तकनीक के जरिए शहरी क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्रों और खनन प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर हरियाली विकसित की जा रही है। मियावकी पद्धति में स्थानीय प्रजातियों के पौधों को अधिक घनत्व में लगाया जाता है, जिससे मात्र 3 से 5 वर्षों में घना जंगल तैयार हो जाता है।

### राज्य में तेजी से बढ़ रहा सघन वनीकरण

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2022 से मियावकी पद्धति के तहत लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। वर्ष 2022 में कोटा मण्डल में एनटीपीसी लिमिटेड के सहयोग से 1 हेक्टेयर क्षेत्र में 23 हजार पौधे तथा 0.3 हेक्टेयर में 7 हजार पौधे लगाए गए। वर्ष 2023 में कोटा के भिल्मी क्षेत्र में 6.4 हेक्टेयर भूमि पर 64 हजार पौधों का रोपण किया गया। वहीं गेवरा क्षेत्र में 2 हेक्टेयर भूमि पर 20 हजार पौधे लगाए गए। वर्ष 2024 में कोटा के उच्चभट्ठी क्षेत्र में 3.2 हेक्टेयर में 32 हजार पौधे लगाए गए। इसके अलावा रायगढ़ मण्डल के तिलईपाली और छाल क्षेत्रों में कुल 3.75 हेक्टेयर भूमि पर 37 हजार 500 पौधों का सफल रोपण किया गया।

### वर्ष 2025 में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं जारी

वर्तमान में राज्य के कई क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्य तेजी से जारी है। बारनवापारा मण्डल में 'हरियर छत्तीसगढ़' योजना के तहत 6 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। कोरबा और रायगढ़ क्षेत्रों में साउथ इस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के सहयोग से 4 हेक्टेयर क्षेत्र में 40 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। वहीं विशेष परियोजनाओं के अंतर्गत महानदीकोलफील्ड लिमिटेड द्वारा 1.9 हेक्टेयर भूमि पर 64 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही अरपा नदी के किनारे भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर हरित क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है।

### पर्यावरण संरक्षण में मिल रहे बहुआयामी लाभ

विशेषज्ञों के अनुसार मियावकी वन सामान्य जंगलों की तुलना में अधिक कार्बन अवशोषित करते हैं। इससे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है। यह तकनीक वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने, भू-जल स्तर सुधारने और मिट्टी संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन वनों की शुरुआती वर्षों में देखभाल की जाती है, जिसके बाद ये जंगल स्वतः विकसित होने लगते हैं। इससे रखरखाव की लागत कम होती है और लंबे समय तक पर्यावरणीय लाभ मिलता है।

### बंजर डंप क्षेत्र से हरित जंगल बनने की ओर गेवरा की प्रेरक पहल

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए कोरबा जिले के गेवरा क्षेत्र के 12.45 हेक्टेयर डंप क्षेत्र में 33 हजार 935 मिश्रित प्रजातियों के पौधों का सफल रोपण किया है। वन मंत्री केदार कश्यप ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है।

### जहां हरियाली संभव नहीं थी, वहां तैयार हो रहा जंगल

कोयला खनन के बाद डंप क्षेत्रों में उपजाऊ मिट्टी नीचे दब जाती है और ऊपर पत्थर, कोयला अवशेष तथा अनुपजाऊ मिट्टी रह जाती है। ऐसे क्षेत्रों में पौधों का उगना बेहद कठिन माना जाता है। लेकिन वैज्ञानिक पद्धति और सतत प्रयासों से इस बंजर भूमि को अब हरियाली में बदला जा रहा है।

### वैज्ञानिक तरीके से किया गया पौधारोपण

डंप क्षेत्र की कठिन परिस्थितियों को देखते हुए मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए वर्मी कम्पोस्ट, नीमखली और डीएपी का उपयोग किया गया। जीपीएस सर्वे और सीमांकन के बाद व्यवस्थित गड्ढे तैयार किए गए तथा 3 से 4 फीट ऊंचाई वाले स्वस्थ पौधों का रोपण किया गया। इस क्षेत्र में नीम, शीशम, सिरस, कचनार, करंज, आंवला, बांस, महोगनी, महुआ और बेल जैसी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। इससे आने वाले समय में यह क्षेत्र पक्षियों और अन्य वन्य जीवों के लिए भी उपयुक्त आवास बन सकेगा।

### निरंतर देखभाल से मिल रही सफलता

शुरुआती 2-3 वर्षों की देखभाल के बाद, यह वन पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो जाता है और इसे किसी उर्वरक या पानी की आवश्यकता नहीं होती है। रोपण के बाद पौधों की नियमित सिंचाई, खाद, निंदाई-गुड़ाई, घास कटाई और सुरक्षा का कार्य लगातार किया जा रहा है। मृत पौधों का समय पर प्रतिस्थापन भी सुनिश्चित किया जा रहा है। वर्ष 2025 से 2029 तक पांच वर्षों तक रखरखाव के बाद इस विकसित हरित क्षेत्र को साउथ इस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड गेवरा को सौंपा जाएगा।

### हरित भविष्य की ओर मजबूत पहल

कम जगह में घने जंगल बनाकर शहरों में प्रदूषण (धूल और ध्वनि) को कम करने में सहायक होते हैं। ये वन पारंपरिक वनों की तुलना में 30 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करते हैं। गेवरा की यह पहल दर्शाती है कि सही योजना, वैज्ञानिक तकनीक और निरंतर प्रयासों से बंजर और पत्थरीली भूमि को भी घने जंगल में बदला जा सकता है। आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र सघन हरित वन और जैव विविधता से भरपूर मानव निर्मित जंगल के रूप में विकसित होगा, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा।

**लेखक संयुक्त संचालक, सहायक जनसंपर्क अधिकारी हैं**

## विचार सरिता

# जीवन सूत्र (प्राचीन ग्रंथों से) : इंद्रिय सुख है सुप्तावस्था, इससे अलग रह पाना है जागरण

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सामान्य मनुष्य के लिए रोटी, कपड़ा और मकान का लक्ष्य सर्वोपरि होता है। वह रात-दिन इसी चिंता में रहता है और अपने लिए सुख-सुविधा के साधन जुटाने का प्रयास निरंतर करता रहता है। समस्या तब खड़ी होती है, जब वह मूलभूत आवश्यकताओं से आगे बढ़कर भोग-विलास के साधन एकत्र करने में अपनी सारी शक्ति और ऊर्जा लगा देता है। महंगे वस्त्र, सज्जित और अलंकृत आवास, भव्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, स्पेशल वेकेशन टूर, तगड़ा बैंक बैलेंस ; पद, प्रतिष्ठा और सम्मान का प्रदर्शन और दिखावे की अन्यान्य वस्तुएँ; ये सब धीरे-धीरे उसकी जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा बनते जाते हैं। अगर उसकी सामर्थ्य नहीं है,तो वह ऋण लेकर विलासिता की वस्तुएँ जुटाकर प्रदर्शनवाद में लग जाता है। कुल मिलाकर वह इंद्रिय सुख की ओर भागता है। वह बहिर्मुखी होते जाता है। वह इस भोग लिप्सा और कामनाओं की पूर्ति की दौड़ में अपने अपनों से बहुत दूर निकल जाता है।

इतना ही नहीं, वह स्वयं से भी दूर होते जाता है। स्वयं को, आत्म तत्व को पहचानने की उसकी तलाश धीरे-धीरे बाह्य दुनिया की ओर मुड़कर उसकी भूल भुलैया में खो जाने की हो जाती है। इंद्रियों के विषय पूर्ति की यह दौड़ मनुष्य के निद्रा की स्थिति है। यह उसकी निष्क्रियता की अवस्था है।

जो भोगविलास और अतिरेक सुख-सुविधाओं को जुटाने की अंधी दौड़ से स्वयं को अलग रख पाता है, वह भीतर की यात्रा प्रारंभ करता है। वह आत्म तत्व के इच्छुक होता है। वह जीवन के विराट लक्ष्य, सीमित साधन और अधिकतम संतुष्टि के साथ जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाने और समाज सापेक्ष कर्म करने के लिए तत्पर होता जाता है।

इंद्रिय सुख सुप्तावस्था है तो इससे स्वयं को अलग रख पाना जागरण है।

गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है : -

या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः।।2/69।।

इसका अर्थ है,सम्पूर्ण प्राणियों के लिए जो रात है,उसमें संयमी मनुष्य जागता है,और जिसमें सब प्राणी जागते हैं तथा सांसारिक सुविधाओं, भोग और संग्रह में लगे रहते हैं,वह आत्म तत्त्व को जानने वाले मुनि की दृष्टि में रात (अर्थहीन) है।

## कविता

### जिंदगानी में अब्बड़ करलई हे

जिनगानी में अब्बड़ करलई हे
एक सपना देखेंव
डॉक्टर बनेके
रात दिन एक कर पढ़ेव
मुंदरी मौली सब हेरेव
परचा देकर आएव
रात भर सुतेव
डाक्टर बनेके सपना लेके
बिहनिया समाचार सुनेव
परचा पहली ले लीक होगे
मुड़ी ला धर केहेव
जिंदगानी में अब्बड़ करलई हे.........
हिम्मत बांधेव फेर
एक सपना देखेव
कलेक्टर बनेके
पानी पस्या छोड़के पढ़ेंव
खेती खार ल बेच
कोचिंग गेव
नतीजा आइस त जानेव
इंटरव्यू में घलो कखरो सेटिंग रिहिस
तब सांस ला रोकके केहेव
बाबू जिंदगानी में अब्बड़ करलई हे.......
चल कुछु नहीं हवलदार तो बन जहु
अइसने दौड़थव
थोकन अऊ दउड़ लिहू
अइसने टगाएव हव
थोकन अऊ टँगा के
मड़वा कस लांब होगेव
भर्ती बर गेव
मेडिकल मे फैल होगेव
दूसर दिन जानेव
सेटिंग के पकड़इया
मन के घलो सेटिंग रिहिस
तब मुड़ी के भार भुइया मे गिरेव
अऊ केहेव
बाबू जिंदगानी में अब्बड़ करलई हे.........
होश मे पढ़ेव लिखेंव
ईमानदारी के रद्दा
भवर जाल अस पाएव
बेईमानी के रद्दा
सोजे सोज हे
ऐ रद्दा ला धर हूँ
त बैरी जग हा दिहि ताना
जवानी के जोश म
होश खो बईठे हे
काबर कि बाबू
दाना पानी बिन
जिनदगानी नई हे भले
जिंदगानी में अब्बड़
करलई हे.......



**श्रीमती रेशमी साहू**
**'रश्मि' राजनांदगांव**

## सामयिक चर्चा

### राहुल को समझाने वाला कोई नहीं है

बानी बोले - सुनिए गजाधर आज
राहुल गांधी की गर्वीली बात -
राहुल ने रायबरेली दौर के दूसरे दिन
बुधवार यानी 20 मई को
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,
केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह
और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर
देश की आर्थिक व्यवस्था को
कमजोर बनाने का आरोप लगाया।
उन्होंने, राही ब्लाक के लोधवारी में
महाबली वीरापासी की प्रतिमा के
अनावरण के बाद आयोजित
बहुजन स्वाभिमान जनसभा में बताया
'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने
संविधान पर हमला किया है।
हमारे देश को बेचने का काम किया है।
वे गद्दार हैं।'
अरे बाप रे ! राहुल ने यह क्या कह दिया?
गजाधर ! इस पर आपके क्या विचार है?
गजाधर बोले गंभीर होकर -
बानी ! बात सही है,
कि राहुल को समझाने वाला कोई नहीं है।
और राहुल हैं कि खुद होकर,
समझ नहीं पा रहे हैं।
वे अपने हाथों, अपने और
अपनी पार्टी के पैरों पर
कुल्हाड़ी मारते चले जा रहे है। (गुरूवार 21 मई 2026)



**गिरीश बख्शी**

## कविता

### ||घाम चर-चरागे||

घाम घरी आगे, सुरूज देवता बगियागे
जिहां जाबे तिंहा घाम लागे,
तन-मन ह कुम्हलागे।
घाम घरी.......
छंईहां तिर जाबे त, भोंभरा मं भुंजाबे,
पेड़ नइय लगाएस, एकर बर पछताबे
आगी-अंगरा कस घाम ले
तैं कईसे बांचबे
तीपत घाम, नइ छोड़े पीछा
सरी मंझनिया तै कतका लुकावे,
रुख-छंईहाँ ह अमरित लागे
जीव ल जिंहा सिताबे।।
घाम घरी आगे 000000
हवा घलो तीपे हावय
अगास हे मरत ले गरम,
बादर के अचरा में लागे
शीतलता के भरम।
दिनमान भट्ठी कस तीपे,
रात गोरसी कस आगी,
तन -मन भुंजाए खुला कस
रूआं -रूआं होवय बागी ।
कतको पीबे, तै ठंडई शरबत,
फेर जीव ल कहॉ जुड़ा पाबे।।
घाम घरी आगे 000000
बीच बीच म होवय बूंदा बौंदी,
मरत ले दंदियाए,
जिनगी में मचथे हाहाकार,
जीव उकुल बुकुल हो जाए।
गिरना हे त, बने गिर, कहिके
मन घलो गोहरावय।
चिरई-चिरगुन, पशु मन,
बिन पानी छटपटावय।
मन ल मिलही शांति तभे,
तैं बैसाख-जेठ बिदा पाबे।।
घाम घरी आगे....
बरस जा बादर, हरस जा आगर,
रद-रद गिर जा पानी।
भुइंया फिलही, गुंइयां हिलही
संचरही लोगन के जिंदगानी।
पेड़ लगाबो, घरती सजाबो
परकिरती प्रेम ह बगरही।
सुर-सुर, सुर- सुर चलही हवा,
सुंदर ये धरनी ह खिलही
नई जनाही कतको, घाम तीपे
धरती म तै पेंड लगाबे ।।
घाम घरी आगे, सुरुज देव बगियागे।
जिहां जाबे तिंहा घाम लागे,
जीव अबड़ कौव्वागे।।



**मानसिंग ''मौलिक''**
कवि/कथाकार-बसंतपुर
महामाया चौक-राजनांदगांव

## राशिफल

**मेष** — मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। अचानक धन लाभ होने के योग हैं। किसी अनुकूल संपर्क के कारण आप अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। मित्र और सहकर्मी आपके प्रयासों की सराहना करेंगे। बहुत दिनों के पेंडिंग काम आज पूरे कर लेंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की राय आपके लिये कारगर साबित हो सकती है। दूसरों के सामने अपनी बात रखने की पूरी कोशिश करेंगे। आमदनी बढ़ाने के लिए कुछ नई योजनाएं बनाएंगे। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा।

**वृष राशि** — वृष राशि वालों आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको बिजनेस के क्षेत्र में कुछ लोगों से मदद मिलेगी। दाम्पत्य जीवन में आपसी समझ और प्यार रिश्ते को और भी बेहतर बनायेंगे। आपका सामाजिक जीवन आज हर तरह से बेहतर बना रहेगा। आज कारोबार में व्यस्तता और दौड़ भाग से कुछ राहत मिलेगी और नई गतिविधियों की तरफ आप ध्यान दे पाएंगे। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। आर्थिक स्थिति में प्रगति होगी। किसी काम को पूरा करने के लिए आपको कुछ नया आईडिया सूझेगा।

**मिथुन** — मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिल सकते हैं। आपको बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में स्थिति सामान्य रहेगी। कपड़ों के कारोबारियों को दोगुना मुनाफा होगा। सरकारी सेवारत व्यक्तियों को यात्रा करनी पड़ सकती है। वैवाहिक जीवन ताजगी भरा रहेगा। किसी हिल स्टेशन पर घूमने जाने की प्लानिंग करेंगे। आप कुछ नये विचारों के साथ अपना खास काम शुरू कर सकते हैं। आज का दिन आपके लिये फायदेमंद रहेगा।

**कर्क** — कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते भी खुलेंगे। ऑफिस में आपके काम की तारीफ हो सकती है। अपने कुछ खास काम निपटाने के लिए आपको अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ सकता है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अगर किसी तरह का निवेश करने की सोच रहे हैं, तो पहले आपको सब कुछ अच्छी तरह से चेक कर लेना चाहिए।

**सिंह** — सिंह राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको अच्छा फायदा दिलायेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी मेहनत का अच्छा रिजल्ट मिलेगा। किसानों को सरकार की ओर से कुछ नई योजनाओं का लाभ मिलेगा। आपका स्वास्थ्य रोज की अपेक्षा अच्छा रहने वाला है। पारिवारिक परिस्थितियों में पहले से बेहतर सुधार आयेगा।

**कन्या** — कन्या राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। बचपन के किसी दोस्त का आज फोन आ सकता है। बात के दौरान कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी। आपके अधूरे काम पूरे हो जायेंगे। बिजनेस में कुछ महत्वपूर्ण नए एग्रीमेंट हो सकते हैं और इसे बढ़ाने की योजना सफल हो सकती है। आज आपकी मुलाकात कुछ महत्वपूर्ण लोगों से होगी। शिक्षक आज किसी जरूरी मीटिंग में शामिल होंगे। आज बड़ों से कुछ नया सीखने को मिलेगा, जो आगे चलकर आपके काम आयेगा। आपको माता पिता का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** — तुला राशि वालों आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। ऑफिस में आपको नया काम मिल सकता है, जिसमें आप अपनी मेहनत से सफलता हासिल करेंगे। परिवार से जुड़े किसी काम के लिए थोड़ी भागदौड़ हो सकती है। आज के दिन की जाने वाली आपकी यात्राएं फलीभूत होंगी। आप अपने परिवारजनों और मित्रों के साथ सैर सपाटे की योजनाएं भी बना सकते हैं। कोर्ट संबंधी किसी काम के लिये आपको अपने सीनियर्स की मदद लेनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको किसी विशेष काम में दूसरे लोगों की मदद मिल सकती है। आप किसी दोस्त के घर जा सकते हैं। साथ ही परिवार के लोग आपके हर फैसले के साथ होंगे। ऑफिस के काम से किसी सहकर्मी के साथ यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको अपनी माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। घर बनवा रहे लोगों का काम आगे बढ़ेगा। अपने काम को किसी नए तरीके से करने की योजना आप सोच सकते हैं। जीवनसाथी आपको प्रसन्न होने की वजह देंगे।

**धनु** — धनु राशि वालों आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी सी मेहनत से ही आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बना सकते हैं। आप दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चे दोस्तों के साथ किसी पिकनिक स्पॉट पर जा सकते हैं। आपको करियर से जुड़ा सुनहरा मौका मिलेगा। आपके कामकाज में बदलाव होने के योग बन रहे हैं। जो छात्र विदेश में जाकर शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उनके सपने साकार हो सकते हैं।

**मकर** — मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे। साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। समाज में आपको उचित आदर सम्मान मिल सकता है। ऑफिस का काम समय पर पूरा हो सकता है। किसी दोस्त की मदद से आपके कुछ निजी काम पूरे होंगे। आपको आर्थिक रूप से लाभ की प्राप्ति हो सकती है। कुछ मामलों में आपको अधिकारियों से मदद मिल सकती है।

**कुंभ** — कुंभ राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। साथ ही आपके परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। आपको आनंद की अनुभूति होगी। आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। आप किसी खास विषय पर उनसे बातचीत भी कर सकते हैं। आप बच्चों को कहीं घुमाने ले जायेंगे। आज कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिये फायदेमंद साबित होगी। अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न होंगे।

**मीन** — मीन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। आर्थिक रूप से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। आपके काम में नयापन आयेगा। अपनों से नजदीकियां बढ़ाने का अवसर मिलेगा। आपको शुभ सूचना प्राप्त होगी। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपके कामकाज की क्षमता बढ़ेगी, जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ने के योग हैं।

# जिले के अंतिम छोर वनांचल ग्राम गोडलवाही पहुंची जिला प्रशासन की टीम, सुशासन तिहार से मिला 15 पंचायतों को लाभ



**संवाद से समाधान : शिविर में बंटे राशन कार्ड, पेंशन, पीएम आवास और गैस कनेक्शन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव बोलीं- गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं का हो रहा निराकरण**



राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन की मंशानुरूप सुशासन तिहार के अंतर्गत आज जिला प्रशासन का अमला जिले के छुरिया विकासखंड के अंतिम छोर वनांचल ग्राम गोडलवाही में क्लस्टर के 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान एवं शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने पहुंचा। ग्राम पंचायत गोडलवाही में 15 ग्राम पंचायत अरजकुंड, बडगांव, बरबसपुर, गिदर्री, गोडलवाही, गुण्डरदेही, उमरवाही, कलडबरी, कांपा, करमरी, महरूम, मासुलकसा, परेवाडीह, रानामटिया और रतनभाट के ग्रामीणों के लिए जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 9 हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं 15 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, 11 हितग्राहियों को नया जॉब कार्ड, 10 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति तथा 3 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। इसके अलावा 2 बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत 20 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दी गई तथा 11 स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता किट वितरित की गई। कृषि विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को मूंग बीज वितरण किया गया। बिहान योजना के अंतर्गत महिला स्वय सहायता समूह को 6 लाख रूपए का ऋण वितरण किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 5 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। मत्स्य पालन विभाग द्वारा युवा मछुआ महकारी समिति मर्यादित रतनभांट को मछली पकड़ने हेतु जाल एवं आईस बॉक्स प्रदान किया गया। गोडलवाही क्लस्टर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई तथा नन्हे बच्चों की माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर पोषण के प्रति जागरूक किया गया।

अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन स्वयं गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। शिविरों के माध्यम से राशन कार्ड, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार और अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को एक ही स्थान पर मिल रहा है। उन्होंने बिहान समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने तथा शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने प्रेरित किया। अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया श्री संजय सिन्हा ने कहा कि सुशासन तिहार संवाद से समाधान का प्रभावी माध्यम है, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण शासन-प्रशासन द्वारा सीधे शिविर स्थल पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में उपस्थित हैं और ग्रामीणों को कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने जल संरक्षण, जैविक खेती और रासायनिक उर्वरकों के कम उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि छुरिया विकासखंड में बड़ी संख्या में पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ मिला है।

अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के ग्रामीणों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में 62 स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जहां विभागवार समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने हितग्राहियों से आवेदन पंजीयन काउंटर में जमा करने तथा मोबाइल नंबर अंकित करने की अपील की, ताकि समय-सीमा में निराकरण कर जानकारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों का तत्काल निराकरण संभव होगा। उनका मौके पर समाधान किया जाएगा तथा शेष आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण कर हितग्राहियों को जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा त्रुटि सुधार सहित अन्य विभागीय समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह भुआर्य, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती जैमुन बाई कंवर एवं जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती हरिला बाई चन्द्रवंशी ने भी संबोधित किया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बिरम मण्डावी, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, तहसीलदार विजय कोठारी, सीईओ जनपद पंचायत होरीलाल साहू सहित 15 ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शानदार समापन, 146 खिलाड़ियों ने निखारा अपना हुनर



खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को खेल जगत से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 मई से 20 मई तक आयोजित इस विशेष शिविर में जिलेभर के कुल 146 खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी पसंदीदा खेल विधाओं का कड़ा प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला मुख्यालय के ऐतिहासिक राजा फतेह सिंह खेल मैदान में गरिमापूर्ण समापन समारोह का आयोजन किया गया। जहां खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया गया।

जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों की सुविधा के लिए इस बार पांच अलग-अलग केंद्रों पर प्रशिक्षण शिविर का संचालन किया गया था। जिसमें राजा फतेह सिंह खेल मैदान खैरागढ़, केकती बाड़ी मैदान, छुईखदान, खेल मैदान अकरजन, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (सजेस) मैदान साल्हेवारा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला मैदान, गण्डई आदि है। इन सभी केंद्रों पर अनुभवी और विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, खेल की आधुनिक तकनीक और फिटनेस संबंधी महत्वपूर्ण बारीकियों से अवगत कराया गया।इस 20 दिवसीय शिविर के दौरान खिलाड़ियों को शारीरिक दक्षता के साथ-साथ कई इनडोर और आउटडोर खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मुख्य रूप से फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, साइक्लिंग, फेंसिंग (तलवारबाजी), जूडो एवं एथलेटिक्स जैसी विधाएं शामिल रहीं। खेल कौशल विकसित करने के साथ-साथ ब'चों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता (लीडरशिप) और टीम भावना (टीम वर्क) का पाठ भी सिखाया गया। जिले की खेल प्रतिभाओं को तराशने में मुख्य रूप से नीलू सिंह, शिताषु गुप्ता, प्रिनकेश कश्यप, आशीष पटेल, ताजु खान, गौरी, नंदेश्वरी जोशी, कांति चंद्राकर, जनक साहू, कुशल सिंह ध्रुव, रोहित अचला, निधि साहू, रोशनी रावटे एवं रूपेंद्र साहू ने प्रशिक्षक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं और खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद खैरागढ़ की अध्यक्ष श्रीमती गिरजा चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि भगवत शरण सिंह, वरिष्ठ नागरिक विकेश गुप्ता, पार्षद सुमित टंडिया व रूपेंद्र रजक उपस्थित रहे। इसके साथ ही निर्मल त्रिवेणी महाअभियान के संयोजक सूरज देवांगन, मंगल सारथी, शुभम सिंह ठाकुर, उत्तम बागड़े एवं उत्तम दसारिया सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और अभिभावक मौजूद थे। अतिथियों ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए। जिला प्रशासन और खेल विभाग की इस संयुक्त पहल की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से स्थानीय खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चमकने का अवसर मिलेगा।

# इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन को शासन से मिली मंजूरी



**अब राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय होगा खैरागढ़ विश्वविद्यालय का नाम**

खैरागढ़ (दावा)। इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के नाम परिवर्तन प्रस्ताव को राज्य शासन से स्वीकृति मिल गई है। लंबे समय से चली आ रही प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद अब विश्वविद्यालय का नया नाम आधिकारिक रूप से लागू किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा की विशेष पहल के बाद अब खैरागढ़ विश्वविद्यालय का नाम राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा।

विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तन करने का सुझाव राज्यपाल एवं कुलाधिपति के द्वारा दिया गया था। उन्होंने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विश्वविद्यालय की मूल पहचान तथा संस्थापक राजपरिवार के योगदान को अधिक सम्मानजनक रूप से संरक्षित करने की आवश्यकता जताई थी। इसके बाद कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के निर्देशन में विश्वविद्यालय प्रशासन ने नियमानुसार समस्त औपचारिक प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए प्रस्ताव तैयार कर शासन को अनुमोदन के लिए भेजा था। शासन के द्वारा नाम परिवर्तन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई थी,जो विश्वविद्यालय में अनुपलब्ध थे, परंतु कुलपति के अथक प्रयास के बाद शासन को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराई गई। जिसके बाद प्रशासनिक स्तर पर विचार-विमर्श और आवश्यक परीक्षण के बाद शासन ने प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव ने गुरुवार 21 मई को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से पत्र जारी कर विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन की स्वीकृति दी है। इस निर्णय को विश्वविद्यालय के इतिहास और उसकी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन का प्रमुख उद्देश्य खैरागढ़ राजपरिवार की दानशीलता, कला संरक्षण और शिक्षा के प्रति उनके योगदान को अक्षुण्ण बनाए रखना है। राजपरिवार द्वारा कला और संगीत शिक्षा के विकास के लिए किए गए ऐतिहासिक योगदान को नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की भावना भी इस निर्णय के केंद्र में रही। उल्लेखनीय है,कि यह विश्वविद्यालय देश-प्रदेश में कला एवं संगीत शिक्षा के प्रमुख संस्थानों में शामिल है। यहां से बड़ी संख्या में कलाकार, संगीतज्ञ और सांस्कृतिक प्रतिभाएं तैयार हुई हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक पहचान और उससे जुड़े मूल मूल्यों को संरक्षित करने की दिशा में लिया गया यह निर्णय महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कुलपति ने शासन की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह निर्णय संस्थान की गौरवशाली परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और संस्थापक परिवार के योगदान को स्थायी सम्मान प्रदान करेगा।

# भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाई गई



**राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी - विष्णु लोधी**

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के निर्देश पर डोंगरगढ़ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय नवीन विश्राम भवन में 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि एवं आतंकवाद विरोध दिवस एवं शपथ का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। सूचना क्रांति, कंप्यूटर तकनीक, दूरसंचार एवं पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने में उनका योगदान देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने युवाओं को देश निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया तथा गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए।

उक्त कार्यक्रम में विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस श्रीमती संध्या देशपांडे, प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा, श्रीमती नलिनी मेश्राम, श्रीमती ममता शिंदे, श्रीमती किरण मेश्राम, श्रीमती निधि गजभिए, श्रीमती निशा निर्मलकर, शिशुपाल भारती, विष्णु लोधी, जितेंद्र भाटिया, रिम्मी भाटिया, मतीन खान, नरेश करसे, गणेश प्रसाद, निजार जीवा, संजय यादव, रामजी तराने, एडविन हैदर, विजय राज सिंह, गणपत रजक, दुलीचंद बडोले, प्रशांत काण्डे, महेश बोरकर, भोला बोरकर, संजीव गुप्ता, केशव टांडी, रूपेश मसीह, दिनेश साखरे, सुरेंद्र अम्बादे, गजेंद्र साहू, मयूर हथेल, हरप्रीत सिंह, बबलू खोबरागड़े, पप्पू इंदुरकर, प्रमोद टेंभुर्णिकर, अमरीश टांडिया, सुमित, हरीश भंडारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# आज कृषि उपज मंडी में ग्राम पटेल तहसील इकाई संघ की महत्वपूर्ण बैठक

डोंगरगढ़ (दावा)। राजनांदगांव जिले की आराध्य नगरी डोंगरगढ़ में तहसील इकाई के ग्राम पटेल संघ द्वारा आज 22 मई को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक स्थानीय कृषि उपज मंडी डोंगरगढ़ के परिसर में आयोजित की जाएगी। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के पटेलों के साथ-साथ स्थानीय नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे तहसील इकाई ग्राम पटेल संघ के अध्यक्ष दुलार सिन्हा ने बैठक के एजेंडे की जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पटेल समाज के सभी सदस्यों को एक मंच पर एकत्रित करना है। बैठक के दौरान राज्य व केंद्र शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में समाज के लोगों को विस्तार से अवगत कराया जाएगा, ताकि वे ग्रामीण स्तर पर लोगों को इसका लाभ दिला सकें। इसके साथ ही सभी सदस्य एक साथ बैठकर विभिन्न सामूहिक और सामाजिक विषयों पर गहन चर्चा करेंगे। तहसील इकाई ग्राम पटेल संघ के सचिव पुनारद राम मंडावी ने बताया कि इस व्यापक बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक गणों और प्रबुद्ध जनों को एक साथ लाना है। इस आयोजन से समाज में आपसी समन्वय और समुदाय की भावना को और अधिक मजबूती मिलेगी। बैठक के माध्यम से समाजहित और जनकल्याण से जुड़ी प्रमुख बातों व विचारों को साझा किया जाएगा। जिससे ग्रामीण विकास की दिशा में सामूहिक प्रयास किए जा सकें।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 8 वें वेतन आयोग को सौंपा जाएगा मेमोरेंडम



**23 मई को कर्मचारियों के द्वारा काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन से होगी शुरुआत**

डोंगरगढ़ (दावा)। अखिल भारतीय राज्य सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी फैडरेशन, नई दिल्ली के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा देश के सभी राज्यों के शासकीय कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर एक बड़े देशव्यापी आंदोलन का सामूहिक आह्वान किया गया है। फैडरेशन के राष्ट्रीय उपमहामंत्री योगेश चौरे ने राष्ट्रीय संगठन द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य कर्मचारियों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर दो चरणों में यह देशव्यापी आंदोलन संचालित किया जाएगा।

23 मई को प्रारंभिक चरण में देश भर के राज्यों में काली पट्टी बांधकर विरोध किया जायेगा। फैडरेशन के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार देश भर के सभी राज्यों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में काली पट्टी लगाकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। कर्मचारी भोजन अवकाश (लंच ब्रेक) के दौरान एकजुट होकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। राष्ट्रीय उपमहामंत्री योगेश चौरे ने संगठन की ओर से छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित पूरे देश के सभी राज्य कर्मचारियों से अपील की है कि वे 23 मई को शत-प्रतिशत काली पट्टी लगाकर राष्ट्रीय नेतृत्व के इस आह्वान को ऐतिहासिक बनाएं।

## 7 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल रैली

7 जून 2026 को देश की राजधानी नई दिल्ली के ऐतिहासिक जंतर-मंतर में राष्ट्रीय नेतृत्व के तत्वावधान में विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, संविदा कर्मी, और दैनिक वेतन भोगी जुटेंगे और एक विशाल रैली व प्रदर्शन के माध्यम से सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाएंगे। जिसमे प्रमुख रूप से राज्य कर्मचारियों की मुख्य 11 सूत्रीय मांगें को लेकर 8 वें वेतन आयोग को ज्ञापन सौंपा जाएगा।फैडरेशन के राष्ट्रीय निर्णय को साझा करते हुए राष्ट्रीय उपमहामंत्री योगेश चौरे ने कहा कि,यह लड़ाई देश के सभी राज्यों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अस्तित्व, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में लड़ी जा रही है। बरसों से आउटसोर्सिंग, ठेका प्रथा और संविदा के नाम पर हो रहे शोषण के खिलाफ संगठन ने यह सामूहिक कदम उठाया है। राष्ट्रीय आह्वान के सम्मान में छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के कोने-कोने में बैठे चतुर्थ श्रेणी भाई-बहन 23 मई को काली पट्टी बांधकर विरोध जताएं और 7 जून 2026 को दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचकर राष्ट्रीय रैली को सफल बनाएं।

# छत्तीसगढ़ के समस्त विभागों में स्थानांतरण पर लगी रोक तुरंत हटाए सरकार : राजेन्द्र खण्डेलवाल

**0 कर्मचारी संघ ने उठाई मांग– ट्रांसफर विंडो खुलने से प्रदेश के लाखों अधिकारी-कर्मचारियों को मिलेगी बड़ी राहत, जून में प्रतिबंध हटाने के मध्य प्रदेश मॉडल का दिया हवाला**



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र खण्डेलवाल ने राज्य सरकार से प्रदेश के सभी शासकीय विभागों में लंबे समय से लागू स्थानांतरण (तबादला) प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटाने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत लाखों अधिकारी और कर्मचारी कई वर्षों से एक ही स्थान पर डटे हुए हैं, जिसके कारण उन्हें अब अनेक गंभीर पारिवारिक और व्यक्तिगत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

## पारिवारिक और स्वास्थ्यगत दिक्कतों से जूझ रहे हैं कर्मचारी

संघ के जिलाध्यक्ष ने कर्मचारियों की व्यावहारिक दिक्कतों को रेखांकित करते हुए कहा कि तबादलों पर पूर्ण रोक होने के कारण मैदानी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों को भारी मानसिक, व्यावहारिक और आर्थिक परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। पूर्ण प्रतिबंध के कारण कर्मचारी निम्नलिखित गंभीर परिस्थितियों में भी बेबस हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ होने के कारण कर्मचारी अपने वृद्ध माता-पिता की उचित देखभाल नहीं कर पा रहे हैं। स्वयं अथवा परिवार के सदस्यों की गंभीर बीमारी की स्थिति में भी वे अपनी सुविधा अनुसार इलाज कराने या गृह जिले के नजदीक आने से वंचित हैं। कई ऐसे मामले हैं। जहां पति-पत्नी दोनों शासकीय सेवा में हैं, लेकिन अलग-अलग जिलों में पदस्थ होने के कारण उनका पारिवारिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

## मध्य प्रदेश की तर्ज पर तबादला नीति 2026 लागू करने की मांग

राजेन्द्र खण्डेलवाल ने पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश का उदाहरण देते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को मानवीय और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने अपने यहां वर्ष 2026 की नई तबादला नीति को मंजूरी दे दी है। जिसके तहत जून माह में एक सीमित अवधि (ट्रांसफर विंडो) के लिए स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाया जा रहा है। इसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी तत्काल खिड़की खोली जानी चाहिए। उन्होंने आगे जोड़ा कि कर्मचारियों का मानसिक रूप से तनावमुक्त होना प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और जनहित, दोनों के लिए बेहद जरूरी है।

## जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को सौंपा जाएगा ज्ञापन

कर्मचारी संघ के अनुसार इस गंभीर समस्या और अपनी मांगों को लेकर वे बेहद गंभीर हैं। इसके समाधान के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, विभिन्न विभागीय मंत्रियों और मुख्य सचिव के नाम जिला प्रशासन (कलेक्टर) के माध्यम से एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाएगा। कर्मचारी संघ ने पूर्ण आशा और उम्मीद जताई है कि संवेदनशील सरकार प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के हित में जल्द ही कोई सकारात्मक निर्णय लेगी।

# आपातकाल को विद्यालयीन पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग, लोकतंत्र प्रहरी ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**भावी पीढ़ी को लोकतंत्र के संघर्षपूर्ण इतिहास से अवगत कराना जरूरी, जिला अध्यक्ष अम्बर जोशी ने संवैधानिक चेतना जगाने पर दिया जोर**



अंबागढ़ चौकी (दावा)। लोकतंत्र प्रहरी संगठन द्वारा भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे काले अध्याय यानी वर्ष 1975 से 1977 के बीच लगे आपातकाल को विद्यालयीन शिक्षा पाठ्यक्रम में सम्मिलित किए जाने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में लोकतंत्र प्रहरी के जिला अध्यक्ष अम्बर जोशी ने छत्तीसगढ़ शासन के माननीय शिक्षा मंत्री को एक औपचारिक पत्र प्रेषित कर इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का पुरजोर आग्रह किया है। पत्र और मांग के संबंध में जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष अम्बर जोशी ने कहा कि वर्ष 1975 से 1977 के दौरान लगाए गए आपातकाल में देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का क्रूरतापूर्वक हनन हुआ था। उस दौर में न सिर्फ प्रेस की स्वतंत्रता पर पूरी तरह अंकुश लगाया गया, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को भी कमजोर करने का प्रयास किया गया। उन्होंने आगे कहा कि इस अंधकारमय कालखंड में हजारों लोकतंत्र सेनानियों ने तानाशाही प्रवृत्तियों के विरुद्ध डटकर संघर्ष किया। जेल की अमानवीय यातनाएं सहीं और लोकतंत्र की पुर्नस्थापना व रक्षा के लिए अपने जीवन के महत्वपूर्ण बलिदान दिए।

## पाठ्यक्रम में शामिल करने के पीछे का उद्देश्य

संगठन का मानना है कि वर्तमान पीढ़ी के विद्यार्थियों को लोकतंत्र के इस संघर्षपूर्ण इतिहास से अवगत कराना अत्यंत आवश्यक हो गया है, ताकि वे भारत के संविधान, नागरिक स्वतंत्रताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व को सही अर्थों में समझ सकें। आपातकाल जैसे संवेदनशील और ऐतिहासिक विषय को पढ़कर छात्रों के भीतर संवैधानिक चेतना और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का सही विकास हो सके।

## तथ्यात्मक और संतुलित इतिहास जोड़ने की मांग

अम्बर जोशी ने शिक्षा मंत्री से मांग की है कि आपातकाल (1975-77) के कालखंड को स्कूली शिक्षा में इतिहास अथवा नागरिक शास्त्र के पाठ्यक्रम में तथ्यात्मक, संतुलित एवं स्पष्ट रूप से सम्मिलित किया जाए। इस नए पाठ्यक्रम में मुख्य रूप से आम जनता के मौलिक अधिकारों पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव, उस दौर में प्रेस की दमित भूमिका, संवैधानिक व लोकतांत्रिक संस्थाओं की वास्तविक स्थिति और तानाशाही के खिलाफ लड़ने वाले लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और बलिदान का विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए। लोकतंत्र प्रहरी संगठन ने पूर्ण विश्वास और आशा व्यक्त की है कि छत्तीसगढ़ शासन इस जनहित व राष्ट्रहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषय की गंभीरता को समझेगा। संगठन को उम्मीद है कि शिक्षा मंत्रालय इस पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर राज्य में लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस कदम उठाएगा।

# पहला कॉलम...

## बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को बांटी मेलोडी टॉफी: कहा- राहुल गांधी ननिहाल में टॉफी देखकर मचलने लगे

जयपुर। आज बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं को मेलोडी टॉफी बांटी। वहीं, दूसरी तरफ राहुल गांधी द्वारा पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को गद्दार कहने के विरोध में आज बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में उलझ गए। प्रदर्शन से पहले मेलोडी टॉफी बांटते हुए मदन राठौड़ ने कहा- इटली राहुल गांधी का ननिहाल है। ननिहाल में मेलोडी टॉफी देखते ही राहुल गांधी मचलने लगे। उन्हें टॉफी के अलावा किसी ओर का ध्यान नहीं रहा। यह राहुल गांधी का बचपना है, उनको मैं क्या कहूं। उन्होंने कहा- इसलिए मैने आज कार्यकर्ताओं से कहा कि जिस टॉफी को देखकर राहुल गांधी मचलने लगे, उसका जुगाड़ करो। उसका टेस्ट कैसा है। मदन राठौड़ ने कहा- परिवार के मुखिया को परिवार का सदस्य गाली दे तो उसका प्रभाव कैसा रहेगा। उन्होने देश के प्रधानमंत्री को गाली दी, जिससे दुनियाभर में देश की हानि हुई। वहीं, राहुल गांधी द्वारा पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को गद्दार कहने के विरोध में आज बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। बीजेपी कार्यकर्ताओं प्रदेश बीजेपी कार्यालय से चौमूं हाउस सर्किल तक प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। यहां उन्होने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। प्रदर्शन में प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र सैनी, प्रदेश मंत्री सीताराम पोसवाल, महिला मोर्चा की अध्यक्ष राखी राठौड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर गोरा सहित महिला व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पाकिस्तान वायुसेना का ट्रेनिंग विमान क्रैश, दोनों पायलट बाहर निकले

नई दिल्ली। पाकिस्तान एयरफोर्स का एक विमान, जिसेहोंगडु् य-8 ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट मियांवाली के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हादसे से पहले दोनों पायलट इजेक्ट होकर पैराशूट के जरिए सुरक्षित बाहर निकलते दिखाई दिए.दुर्घटना के कारणों की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है. पायलटों की स्थिति या जमीन पर संभावित हताहतों के संबंध में पाकिस्तान वायु सेना की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है. पाकिस्तान एयरफोर्स ने विमान हादसे के तुरंत बाद मामले की जांच के लिए बोर्ड ऑफ इंक्वायरी का गठन कर दिया है. जांच में तकनीकी खराबी, विमान के रखरखाव और मानवीय त्रुटि समेत सभी संभावित कारणों की पड़ताल की जा रही है. यह दुर्घटना पाकिस्तानी एयरफोर्स के लिए एक गंभीर चुनौती मानी जा रही है, क्योंकि ट्रेनिंग मिशन आमतौर पर कड़े सुरक्षा मानकों के तहत संचालित होते हैं. शुरुआती जानकारी के अनुसार, दोनों पायलट अनुभवी थे और उनकी त्वरित प्रतिक्रिया के कारण वे सुरक्षित इजेक्ट करने में सफल रहे. माना जा रहा है कि यदि पायलट कम अनुभवी होते, तो स्थिति कहीं अधिक गंभीर हो सकती थी.

## शेयर बाजार - सेंसेक्स में 135 अंकों की गिरावट

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखने को मिला। दिनभर के चॉप्पी ट्रेडिंग सेशन के बाद प्रमुख सूचकांक हल्की गिरावट के साथ बंद हुए, लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने निवेशकों को शानदार रिटर्न का मौका दिया। बाजार की चौड़ाई सकारात्मक रही, जिससे संकेत मिला कि खरीदारी का ट्रेंड मजबूत बना हुआ है। दिन के अंत में बीएसई सेंसेक्स 135.03 अंक यानी 0.18त्न गिरकर 75,183.36 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी सिर्फ 4.30 अंक टूटकर 23,654.70 पर स्थिर रहा। हालांकि बड़ी गिरावट नहीं दिखी, लेकिन बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा। सेक्टोरल इंडेक्स में भी मिला-जुला रुख देखने को मिला। रियल्टी सेक्टर ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया, जहां निफ्टी रियल्टी 1.05त्न चढ़ा। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.51त्न की तेजी रही और एनर्जी इंडेक्स 0.31त्न ऊपर बंद हुआ।

## युद्ध से चार गुना महंगी हुई हज यात्रा, लॉन्च की सब्सिडी योजना

नई दिल्ली। वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय हालात और बढ़ती महंगाई का असर अब आम लोगों की जिंदगी से लेकर धार्मिक यात्राओं तक साफ दिखाई देने लगा है. इस साल हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को बड़ा आर्थिक झटका लगा है. अमेरिका इजरायल की ईरान से जंग के चलते हज यात्रा का खर्च पहले से और भी ज्यादा बढ़ गया है. सेमाफोर की ओर से बुधवार (20 मई) को जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार फ़ारस की खाड़ी के पार उड़ानों की क्षमता में कमी और आपूर्ति मार्गों में रुकावट के कारण यात्रा पैकेजों की कीमतें यात्रा शुरू होने से पहले ही तीन या चार गुना तक बढ़ गई हैं. बता दें कि इंडोनेशिया, पाकिस्तान और मलेशिया सहित कई मुल्कों की सरकारों ने मक्का की इस सालाना यात्रा को देखते हुए तीर्थयात्रियों के लिए बढ़े हुए खर्च को कम करने में मदद के लिए सब्सिडी योजना शुरू की है. पिछले 3 साल के हज यात्रा के प्रति व्यक्ति खर्च की बात करें तो 2023 में औसत प्रति व्यक्ति खर्च 3.25 लाख आया था जो कि 2024 में बढ़कर औसत प्रति व्यक्ति खर्च 3.35 लाख रुपए हो गया. 2025 में औसत प्रति व्यक्ति खर्च 3.40 लाख रुपये था और अब साल 2026 में ये 3. 74 लाख से भी कहीं अधिक हो गया है.

## IPL ने बनाया ऑलटाइम रिकॉर्ड, केकेआर की एमआई पर जीत ने पलटा इतिहास



नई दिल्ली।आईपीएल ने ऑलटाइम रिकॉर्ड बना दिया है। कोलकाता नाइट राइडर्स की मुंबई इंडियंस पर मिली 4 विकेट से जीत के बाद आईपीएल इतिहास में वो हुआ जो आज से पहले कभी नहीं देखने को मिला।

किसी एक आईपीएल सीजन में ये रिकॉर्ड 42वीं बार हुआ, जब रन चेज करने वाली टीम ने मैच अपने नाम किया। केकेआर की टीम मौजूदा सीजन की 42वीं नंबर वाली टीम बनी, जिन्होंने दूसरी पारी में बैटिंग करते हुए मैच को जीता, जो कि आईपीएल के किसी एडिशन का विश्व रिकॉर्ड बन गया है। दरअसल, आईपीएल के किसी सीजन में रन चेज करते हुए मैच जीतने का पिछला रिकॉर्ड 2016 सीजन में 41 सफल चेज का था, लेकिन ढ्ढक्करु 2026 में अभी पांच लीग मैच बाकी रहते है, लेकिन मौजूदा सीजन उस आंकड़े को पार कर चुका है।

इस सीजन अब तक 65 मैचों में, लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने 42 बार जीत दर्ज की है, यानी पूरे हुए मैचों में 64.6 प्रतिशत मुकाबले दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीम ने जीते हैं। केकेआर और पंजाब किंग्स के बीच बेनतीजा रहे मैच को छोड़ दें तो ये प्रतिशत बढ़कर 65.6 हो जाता है।

बता दें कि आईपीएल इतिहास के अब तक सिर्फ 3 सीजन ऐसे रहे हैं जिनमें लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने 40 या उससे ज्यादा बार जीत दर्ज की है। साल 2026, 2016 और 2011। आईपीएल 2026 में 42वीं जीत (65 मैच) आईपीएल 2016 में 41वीं जीत (60 मैच) आईपीएल 2011 में 40वीं जीत (73 मैच)

केकेआर ने शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई को ईडन गार्डन्स में 4 विकेट से मात दी। मुंबई ने केकेआर के सामने 148 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे केकेआर ने 18.5 ओवर में 6 विकेट खोकर हसालि किया और अपने प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा।

## एस्टन विला ने एससी फ्रीबर्ग को हराकर पहली यूरोपा लीग जीत, 44 साल का इंतज़ार खत्म

नई दिल्ली। एस्टन विला ने 44 साल में अपनी पहली यूरोपीय ट्रॉफी और अपना पहला श्वस्न्र यूरोपा लीग खिताब जीता। यूरी टिलेमैन्स, एमिलियानो बुएंडिया और मॉर्गन रोजर्स के गोल की मदद से उन्होंने फ्रीबर्ग के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। विला, श्वस्न्र कप/यूरोपा लीग जीतने वाली 31वीं अलग टीम बन गई है, और इंग्लैंड की छठी टीम है। पिछले छह सीज़न में यह तीसरी नई विजेता टीम है; इससे पहले 2023/24 में अटलांटा और 2020/21 में एमरी की विलारियल ने यह खिताब जीता था।



इस टूर्नामेंट को तीन अलग-अलग टीमों के साथ जीतने वाले पहले कोच बन गए हैं। इन सभी टीमों के नाम में %विला% शब्द आता है- सेविला (तीन बार), विलारियल और विला। इस बड़े मुकाबले में उतरते समय, फ्रीबर्ग अपने क्लब के इतिहास का पहला बड़ा खिताब जीतने का सपना देख रही थी, जबकि विला 30 साल बाद कोई ट्रॉफी जीतने की उम्मीद कर रही थी।

MI की करारी हार पर माइकल वॉन का सुझाव दांव पर बहुत कुछ लगा होने के कारण, शायद इसमें कोई हैरानी की बात नहीं थी कि शानदार बेशिक्तास पार्क के जोशीले माहौल में खेल को जमने में थोड़ा समय लगा; दोनों ही टीमें शुरुआत में थोड़ी घबराई हुई लग रही थीं।ट्रेड का सुझाव भी दिया दोनों टीमों को कुछ आधे-अधूरे मौके मिले, लेकिन खेल में जान डालने के लिए एक जादुई पल की ज़रूरत थी, और यह कमाल विला के मिडफ़ील्ड के उस्ताद यूरी टिलेमैन्स ने कर दिखाया। 42वें मिनट में, इस बेल्जियम खिलाड़ी ने एक शॉर्ट कॉर्नर से मॉर्गन रोजर्स द्वारा दिए गए सटीक क्रॉस को पकड़ा और एक ज़ोरदार वॉली मारकर गोलकीपर नोआ अटुबोलू को छकाते हुए इंग्लिश टीम को बढ़त दिला दी।

## भारतीय क्रिकेट टीम में बदलाव, अनुकूल रॉय को मिली एंट्री



नई दिल्ली। भारतीय टीम जल्द ही मैदान पर उतरने की तैयारी में है। जहां जून में मुख्य टीम अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज खेलने के लिए मैदान में उतरेगी, वहीं भारत की ए टीम श्रीलंका में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज खेलती हुई नजर आएगी। इसके लिए बीसीसीआई ने टीम का ऐलान पहले ही कर दिया था, लेकिन अब इसमें हल्का सा बदलाव किया है। एक खिलाड़ी बाहर हुआ है, उसकी जगह दूसरे की एंट्री हो गई है।

भारतीय ए टीम श्रीलंका और अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगी सीरीज

भारत, श्रीलंका और अफगानिस्तान की ए टीमों के बीच एक त्रिकोणीय सीरीज खेली जाएगी। इसका आगाज 9 जून से होने जा रहा है। पहले दिन भारत और श्रीलंका के बीच मैच खेला जाएगा। 11 जून को भारत और अफगानिस्तान की ए टीमें मैदान में आमने सामने होंगी। सभी तीन टीमें आपस में दो दो मैच खेलेंगी, इसके बाद जो टॉप की 2 टीमें होंगी, उनके बीच फाइनल खेला जाएगा।

अनुकूल रॉय टीम में शामिल, हर्ष दुबे मुख्य स्क्वाड का हिस्सा

इस बीच बीसीसीआई ने इसकी घोषित टीम में बदलाव किया है। अब से कुछ ही देर पहले बीसीसीआई की ओर से बताया गया है कि चयन समिति ने श्रीलंका में आगामी त्रिकोणीय सीरीज के लिए अनुकूल रॉय को भारत ए टीम में शामिल किया है। उन्होंने हर्ष दुबे का स्थान लिया। हर्ष दुबे को अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की टेस्ट और वनडे टीम में पहली बार शामिल किया गया है।

6 जून से शुरू होगी भारत बनाम अफगानिस्तान सीरीज

जहां एक ओर ये सीरीज 9 जून से खेली जाएगी, वहीं टीम इंडिया भी 6 जून से अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट खेलेगी।

## हार्दिक पांड्या ने कर दी ऐसी हरकत कि बहुत बुरे फंसे, बीसीसीआई ने ले लिया कड़ा एक्शन



नई दिल्ली। हार्दिक पांड्या के दिन लगता ठीक नहीं चल रहे हैं। उनकी कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस की टीम पहले ही आईपीएल से बाहर हो चुकी है। इस बीच टीम अपने बचे हुए लीग मैच खेल रही है। अब केकेआर के मैच के दौरान हार्दिक पांड्या ने कुछ ऐसा कर दिया, जो गलत था और इस पर बीसीसीआई ने कड़ा एक्शन लिया है। अगर आप सोच रहे हैं कि ये स्लोओवर रेट का मामला है तो गलत है। हार्दिक पांड्या ने मैच के दौरान कुछ ऐसी हरकत की है, जो उन्हें नहीं करनी चाहिए थी।

आईपीएल की ओर से एक बयान जारी कर कहा गया है कि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इतना ही नहीं उन्हें एक डिमेरिट प्वाइंट भी दिया गया है। बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डेंस में आईपीएल के मैच के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच में खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए ढ्ढक्करु की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए की गई है।

इस दौरान बताया गया है कि हार्दिक पांड्या को ढ्ढक्करु की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह जो मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग्स का गलत इस्तेमाल से संबंधित है। यह घटना मैच की दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई। हार्दिक पांड्या अपने रनअप पर वापस जाते समय, विकेट की बेल्स को जोर से मार दिया था।

इस सीजन के अपने 13वें मैच में मुंबई इंडियंस का मुकाबला केकेआर से हुआ था। इसमें पहले बैटिंग करते हुए मुंबई ने आठ विकेट पर केवल 147 रन ही बनाए थे। जिसे केकेआर ने 18.5 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया और कोलकाता ने मैच चार विकेट से जीत लिया।

## ODI क्रिकेट में सबसे ज्यादा सिंगल दौड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड किसके नाम? टॉप-5 में 2 भारतीय का नाम



नई दिल्ली। जब से टी20 क्रिकेट की शुरुआत हुई है उसके बाद से फैंस अक्सर चौकों-छक्कों के रिकॉर्ड की बात करते हैं। आज-कल फैंस वनडे और टेस्ट में भी उस मैच को देखना अधिक पसंद करते हैं, जिसमें ज्यादा चौके-छक्के लगते हों। लेकिन क्या आपको पता है कि क्रिकेट के खेल में सिंगल और डबल्स के भी कुछ ऐसे रिकॉर्ड हैं जिसको लेकर अधिक बातें नहीं होती हैं। हम आज आपको बताएंगे कि ODI क्रिकेट में सबसे ज्यादा सिंगल यानी एक रन दौड़ने का रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम है।

विराट कोहली इस वक्त वनडे क्रिकेट के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। इस फॉर्मेट में वह सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस फॉर्मेट में वह चौके-छक्के लगाने के अलावा विकेट के बीच सिंगल और डबल्स भागने में भी माहिर हैं। विराट के ही नाम वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 1 रन दौड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। जितनी तेजी के साथ इस फॉर्मेट में वह बाउंड्री लगाते हैं, उसी तेजी के साथ वह विकेट के बीच सिंगल और डबल्स भी भागते हैं। यही कारण है कि उन्होंने वनडे में अब तक सबसे ज्यादा बार दौड़कर सिंगल रन लिए हैं।

विराट कोहली ने वनडे में अब तक 6125 रन सिंगल के जरिए लिए हैं। वहीं इस मामले में दूसरे नंबर पर श्रीलंका के कुमार संगकारा का नाम है, उन्होंने वनडे क्रिकेट में 5503 रन सिंगल के जरिए लिए हैं। वहीं श्रीलंका के ही महेला जयवर्धने इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं।

उन्होंने वनडे क्रिकेट में 4789 रन सिंगल्स के जरिए बनाए थे। वहीं टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी सबसे ज्यादा सिंगल रन लेने के मामले में चौथे नंबर पर हैं, उन्होंने अपने करियर में 4470 रन सिंगल के जरिए बनाए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज कप्तान रिकी पोंटिंग इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं, उन्होंने वनडे में 3916 रन सिंगल्स के जरिए बनाए हैं।

## एच-1 बी वीजा धारक भारतीय टेक प्रोफेशनल्स को अल्टीमेटम, 60 दिन में नौकरी खोजें वरना अमेरिका छोड़ें

नई दिल्ली। अमेरिका के टेक सेक्टर में आई छंटनी की नई लहर ने वहां रह रहे हजारों भारतीय इंजीनियरों और सॉफ्टवेयर डेवलपर्स की जिंदगी में उथल-पुथल मचा दी है। जो लोग सालों से अमेरिका में काम कर रहे थे, घर खरीद चुके थे और अपने परिवार के साथ बस चुके थे, उनके लिए कंपनी से आया सिर्फ एक ईमेल सब कुछ बदल रहा है।



मेटा, अमेजन और लिंक्डइन जैसी दिग्गज कंपनियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के कारण बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म हो रही हैं। भारतीय पेशेवरों के लिए नौकरी जाने का मतलब सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि देश छोड़ने का काउंटडाउन शुरू होना है।

अमेरिका में काम करने वाले अधिकांश भारतीय टेक पेशेवर एच-1 बी वीजा पर हैं, जो सीधे उनकी कंपनी से जुड़ा होता है। नौकरी जाने के बाद उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती समय की होती है। अमेरिकी इमिग्रेशन नियमों के तहत, उन्हें वीजा ट्रांसफर करने के लिए किसी अन्य कंपनी में ढूंढने के लिए बहुत कम समय मिलता है।

यदि वे इस तय समय में नया स्पॉसर ढूंढने में विफल रहते हैं, तो उन्हें कानूनी रूप से अमेरिका छोड़ना पड़ता है। जो पूरे जीवन को प्रभावित करता है, क्योंकि इसमें केवल नौकरी ढूंढना शामिल नहीं है, बल्कि बच्चों की स्कूल की पढ़ाई, होम लोन, स्वास्थ्य सेवा और परिवार के भविष्य से जुड़े फैसले भी दांव पर लग जाते हैं।

य ू ए स सिटीजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज के नियमों के अनुसार, नौकरी से निकाले गए एच-1 बी कर्मचारियों को आमतौर पर 60 दिनों का ग्रेस पीरियड या जब तक उनका ढ्ढ-94 स्टेटस वैध है, जो भी पहले हो मिलता है। यह 60 दिनों का समय कर्मचारी के आखिरी कार्य दिवस से शुरू होता है, न कि अंतिम सैलरी मिलने के दिन से।

इस अवधि के दौरान वे नया जॉब ढूंढ सकते हैं, दूसरे वीजा कटेगरी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**ईरान से बाहर नहीं जाना चाहिए....**

हुई है। ईरान के पास होर्मुज जलडमरूमध्य पर रणनीतिक बढ़त है। यह दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक है। ये वार्ताएं पाकिस्तान की मध्यस्था में की जा रही हैं। ईरान के दो वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार, तेहरान के सत्ता प्रतिष्ठान के भीतर भारी संदे है। कई लोग अस्थायी युद्ध विराम को अमेरिका की एक ऐसी रणनीतिक चाल मान रहे हैं, जिसका मकसद सुरक्षा का झूठा माहौल तैयार करना है, ताकि अमेरिका आखिरकार अपने हवाई हमलों को फिर शुरू कर सके। इन भीतरी आशंकाओं को बल देते हुए ईरान के मुख्य शांति वार्ताकार मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने बुधवार को कहा कि दुश्मन की स्पष्ट और छिपी हुई चालें स्पष्ट रूप से दिखाती हैं कि अमेरिका का सैन्य बल नए हमलों की तैयारी कर रहा है। उधर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दबाव को और बढ़ाते हुए कहा बुधवार को कहा कि अगर ईरान सरकार व्यापक शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने से इनकार करती है, तो अमेरिका तेहरान पर आगे सैन्य हमले करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हालांकि, ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि वाशिंगटन सही जवाब पाने के लिए कुछ दिनों का समय दे सकता है।

**पाकिस्तान में ढेर हुआ पुलवामा.....**

पर रहस्यमयी हमले हुए हैं। हमजा बुरहान की हत्या के बाद जैश-ए-मोहम्मद और उससे जुड़े नेटवर्क में भी खौफ का माहौल बताया जा रहा है। फिलहाल पाकिस्तान की एजेंसियां हमले के पीछे की साजिश और हमलावरों की पहचान पता लगाने में जुटी हैं। हमज़ा बुरहान जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के रत्नीपोरा इलाके के खरबतपोरा गांव का रहने वाला एक आतंकी कमांडर था। बताया जाता है कि वह साल 2017 में आगे की पढ़ाई के बहाने पाकिस्तान गया था, लेकिन वहां जाकर उसने प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-बद्र जॉइन कर लिया। धीरे-धीरे वह संगठन के सक्रिय और भरोसेमंद कमांडरों में शामिल हो गया। बाद में हमज़ा बुरहान दोबारा कश्मीर लौटा, जहां उस पर स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलने और उन्हें आतंकी गतिविधियों के लिए तैयार करने के आरोप लगे। उसने पुलवामा और दक्षिण कश्मीर के शोपियां इलाके तक फैला एक नेटवर्क तैयार किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इलाके के कई परिवारों ने आरोप लगाया था कि हमज़ा के प्रभाव में आकर कई युवा आतंकवाद की राह पर चले गए। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार वह युवाओं को सोशल मीडिया और स्थानीय संपर्कों के जरिए प्रभावित करता था। भारतीय जांच एजेंसियां उसे लंबे समय से ट्रैक कर रही थीं और उसका नाम पुलवामा हमले से जुड़े नेटवर्क में भी सामने आया था।

**पश्चिम बंगाल के मदरसों में वंदे....**

प्राप्त गैर-सहायता प्राप्त मदरसे अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। इस बड़े फैसले पर अपनी स्थिति और प्रशासनिक रुख स्पष्ट करते हुए राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा मंत्री खुदीराम टुडू ने इस निर्णय की पुरजोर पुष्टि की है। उन्होंने कहा, जब राज्य के अन्य सभी सामान्य सरकारी स्कूलों और संथाली भाषा में पढ़ाई कराने वाले विशेष स्कूलों में भी प्रार्थना सभा के दौरान वंदे मातरम गाना पूरी तरह अनिवार्य है, तो फिर मान्यता प्राप्त मदरसों में इसे अनिवार्य क्यों नहीं किया जा सकता? उन्होंने साफ किया कि राष्ट्रीय एकता और देश के प्रतीकों का सम्मान हर शैक्षणिक संस्थान में समान रूप से होना चाहिए। गौरतलब है कि इससे पहले बीते 13 मई की शाम को पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सामान्य सरकारी स्कूलों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य करने संबंधी पहली अधिसूचना जारी की थी। राज्य के नए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने 14 मई को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर शिक्षा विभाग की इस अधिसूचना को खुद साझा कर जनता को इसकी जानकारी दी थी। अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से जारी उस अधिसूचना में कहा गया था कि स्कूलों में कक्षाएं शुरू होने से पहले प्रार्थना सभा के दौरान राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा, और अब ठीक इसी तर्ज पर इसे सूबे के सभी श्रेणी के मदरसों पर भी पूरी तरह से बाध्यकारी बना दिया गया है।

**तमिलनाडु में नया सियासी बवाल.....**

से खड़ा करने की कोशिश चल रही है, लेकिन ऐसे झटके लगातार आ रहे हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि धनपाल ने यह कदम उसी दिन उठाया जब उनका बेटा मंत्री पद की शपथ ले रहा था। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि धनपाल जैसे अनुभवी नेता का जाना AIADMK के लिए बड़ी कमी है। वे पार्टी के ग्रासरूट स्तर पर भी लोकप्रिय रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या अन्य वरिष्ठ नेता भी इसी रास्ते पर चलेंगे या पार्टी अपने अंदरूनी कलह को सुलझा पाएगी। AIADMK के वर्तमान नेतृत्व को अब जल्दी से जल्दी कदम उठाने होंगे, वरना पार्टी और कमजोर होती जाएगी।

**नीट पेपर लीक नहीं हुआ', एनटीए....**

NEET UG 2026 की परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। कुछ दिन बाद सोशल मीडिया पर वायरल PDF के जरिए पेपर लीक होने के आरोप सामने आए। इसके बाद एनटीए ने परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। सीबीआई ने मामले की जांच शुरू की और राजस्थान से महाराष्ट्र तक फैले एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जांच में पता चला कि पेपर असल में हाथ से लिखा गया था। आरोप है कि राजस्थान के एक अभ्यर्थी के पिता दिनेश बिवाल ने इसे स्कैन करके PDF तैयार किया और कोचिंग नेटवर्क के जरिए फैलाया। सीबीआई के अनुसार इस जाल में छात्रों से 2 लाख से 5 लाख रुपये तक वसूले गए। जांच में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिनमें बॉटनी टीचर मनीषा मांधरे, कोचिंग संचालक शिवराज मोटेगांवकर और कई सदस्य शामिल हैं। शुरूआती जांच में मामला राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा और केरल तक फैले नेटवर्क से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। अब नीट की परीक्षा 21 जून को दोबारा होगी।

**तमिलनाडु के सीएम विजय की बढ़....**

अन्य कई लोगों को नोटिस जारी हुआ है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 29 मई को होगी। सुप्रीम कोर्ट के छुट्टीकालीन बेंच में जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन और जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायणन इस पर फैसला सुनेंगे। चुनाव के दौरान बच्चों को राजनीतिक संदेश देने के लिए इस्तेमाल करने के आरोप और वोट खरीद की खबरों ने तमिलनाडु में चुनावी बहस शुरू कर दी है।

**मोदी जी ने न जिम्मेदारी ली, न धर्मेंद....**

अगुवाई राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने की। गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर मार्च निकाला और नीट में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। मंगलवार को राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा था, एक भयंकर आर्थिक तूफान सर पर है। 12 साल में मोदी जी ने जो ढांचा खड़ा किया, वह सिर्फ अडानी और अंबानी के लिए था। और, अब वही ढांचा भरभराकर ढहने वाला है। चोट उन्हें नहीं लगेगी, उनके पास निकलने के रास्ते हैं। चोट आपको लगेगी - युवाओं को, गरीबों को, मध्यमवर्ग को, किसानों को, मजदूरों को, छोटे व्यापारियों को - जो कभी इस ढांचे का हिस्सा थे ही नहीं। अपने आसपास देखिए। क्या आप उस ढांचे का हिस्सा हैं या उस तूफान का शिकार?

**बंगाल- फालता में रिपोलिंग होने पर....**

रही है। खास बात यह है कि बीजेपी अब तक इस सीट पर कभी जीत नहीं सकी। फालत साउथ 24 परगना जिले के अंतर्गत आता है। जिले में कुल 31 सीटे हैं। फालता को छोड़कर बाकी 30 सीटों में बीजेपी ने 10 सीटें जीत लीं। सागर, काकद्वीप, गोसाबा और सोनारपुर के साथ जादवपुर, टॉलीगंज, बेहला पूर्व-पश्चिम जैसे शहरी इलाकों में भी बीजेपी ने पहली बार जीत दर्ज की। हालांकि बासंती, कुलतली, रायदीघी और बजबज जैसी सीटों पर TMC अपनी पकड़ बचाने में सफल रही। फालता विधानसभा सीट पर इस बार कुल 6 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा और TMC के बीच है। हालांकि दोबारा वोटिंग से दो दिन पहले तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार जहांगीर खान ने 18 मई को चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था।

**दीपक बैज बोले- लग रहा है पीएम....**

के बीच बढ़ते कूटनीतिक और रणनीतिक संबंधों का संकेत मानी जा रही है। इस दौरान दोनों नेताओं ने कई वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर अनौपचारिक चर्चा भी की। मोदी और मेलोनी की मुलाकात के बाद उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं। इसी दौरान मेलोडी नाम से एक नया ट्रेंड भी चर्चा में आ गया। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मेलोनी को प्रतीकात्मक टॉफी पैकेट भेंट किए जाने के बाद यह शब्द और लोकप्रिय हो गया। इसी बीच दोनों नेताओं की एक साथ तस्वीरों और वीडियो को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आईं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इस मुलाकात पर टिप्पणी करते हुए विवादित बयान दिए, जिससे राजनीतिक माहौल और गरमा गया।

**जून से महंगी हो जाएंगी मारुति....**

होकर 28.7 लाख रुपये तक जाती है. लेकिन अब कंपनी जून 2026 से अपनी सभी कारों के दाम बढ़ाने जा रही है. अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट के हिसाब से कीमतों में करीब 30,000 रुपये तक का इजाफा देखने को मिल सकता है. पिछले साल ग्राहकों को मारुति की गाड़ियों पर बड़ी राहत मिली थी, लेकिन अब हालात थोड़े बदल गए हैं. सितंबर में जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद कंपनी ने अपनी कई पॉपुलर कारों की कीमतों में अच्छी-खासी कटौती की थी. जैसे एस-प्रेसो करीब 1.29 लाख रुपये तक सस्ती हो गई थी, जबकि ऑल्टो क10 के दाम 1.07 लाख रुपये तक घटाए गए थे. इसके अलावा सेलेरियो करीब 94,100 और वैगन-आर लगभग 79,600 रुपये तक सस्ती हुई थी. हालांकि उस बड़ी राहत के बाद अब साल 2026 के बीच में कंपनी ने कीमतें बढ़ाने का फैसला किया है, जिससे ग्राहकों को फिर से महंगाई का झटका लगने वाला है.

# क्रेस्ट कंपनी के मजदूरों का धरना आठवें दिन भी जारी, नियमों को ताक पर रख प्रबंधन कर रहा शोषण

राजनांदगांव (दावा)। क्रेस्ट कंपनी के मैनेजमेंट की वादाखिलाफी और तानाशाही रवैये के खिलाफ मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज आठवें दिन भी उग्र रूप से जारी रहा। शासन द्वारा निर्धारित कुशल और अर्धकुशल श्रेणी के अनुसार वेतन का भुगतान न होने से नाराज मजदूरों ने 14 मई से काम बंद कर मोर्चा खोल दिया है। इस दौरान प्रबंधन की ओर से जिला प्रशासन और श्रम विभाग की बैठकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे मजदूरों में भारी आक्रोश है।

### कम वेतन और बोनस हड़पने का गंभीर आरोप

मजदूरों का आरोप है कि क्रेस्ट कंपनी के मैनेजमेंट द्वारा हर महीने प्रत्येक मजदूर के वेतन में 1300 रुपये, 1500 रुपये और किसी-किसी के वेतन में 2000 रुपये तक की कटौती कर कम भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा, बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत मिलने वाले अधिकार से भी मजदूरों को वंचित रखा गया है। कंपनी ने अभी तक अपनी बैलेंस शीट पेश नहीं की है। जिसके प्रॉफिट (लाभ) के आधार पर कर्मियों को 8.33 से लेकर 20 प्रतिशत तक बोनस मिलना था। मजदूरों ने आरोप लगाया कि एकजुटता को तोड़ने और आपसी फूट डालने के उद्देश्य से कंपनी के 600 मजदूरों में से मात्र 90 मजदूरों का ही वर्गीकरण किया गया है।



**कुशल-अर्धकुशल श्रेणी के तहत नहीं मिल रहा वेतन, 600 में से सिर्फ 90 मजदूरों का किया वर्गीकरण, फूट डालने का आरोपें**

### 6 साल से फूल एंड फाइनल और मुआवजे का इंतजार

आंदोलनकारियों ने प्रबंधन की पुरानी अनियमितताओं को उजागर करते हुए बताया कि इनका ठेका वर्ष 2019 में ही समाप्त हो चुका है, लेकिन बीते 6 वर्षों में मैनेजमेंट ने मजदूरों के फूल एंड फाइनल का भुगतान आज तक नहीं किया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (ए.डी.एम.) राजनांदगांव के स्पष्ट निर्देश के बावजूद त्यागी ठेका के अंतर्गत आने वाले मजदूरों को छंटनी मुआवजे की राशि नहीं दी गई। कंपनी में काम के दौरान जान गंवाने वाले मृतक श्रमिक के वारिसान (परिजनों) को भी अब तक उचित मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है।

### आज श्रम विभाग में फिर अहम बैठक

श्रम विभाग राजनांदगांव में पिछले सात महीनों से इस मामले को लेकर लगातार बैठकें चल रही हैं, लेकिन कंपनी मैनेजमेंट के अड़ियल रवैये के कारण कोई नतीजा नहीं निकल सका है। इससे पूर्व 15 मई और 18 मई को हुई द्विपक्षीय वार्ता भी पूरी तरह फेल रही। विवाद को सुलझाने के लिए मजदूरों ने 4 मई को ही जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को पत्र सौंपकर जिला प्रशासन की मध्यस्थता में बैठक कराने की मांग की थी। अब इस गतिरोध को दूर करने के लिए दिनांक 22 मई को श्रम विभाग में फिर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है।

### मजदूर एकजुट, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ने संभाला मोर्चा

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (छमुमो) के अध्यक्ष भीमराव बागड़े ने जिला प्रशासन से पुरजोर निवेदन किया है कि इस गंभीर मामले में हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द बैठक कराई जाए और मजदूरों को उनका हक दिलाकर समस्या का निराकरण किया जाए। आज धरना स्थल पर हुई सभा को अध्यक्ष भीमराव बागड़े के अलावा जोरातराई के सरपंच रमाकांत साहू और पुनीत यादव ने भी संबोधित किया। सभा का सफल संचालन तुलसी देवदास व पुनाराम साहू द्वारा किया गया। यह पूरी जानकारी छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के महामंत्री पुनाराम साहू ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी है।

# महंगाई की मार से त्रस्त जनता, मोदी सरकार की नीतियां जिम्मेदार - प्रदीप बाबा राठौर

राजनांदगांव (दावा)। देश में लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस प्रवक्ता प्रदीप बाबा राठौर ने कहा कि खाद्य तेल, शक्कर, चायपत्ती, दाल, आटा, चावल समेत रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिससे आम जनता का जीवन बेहद कठिन हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है और इसका सीधा असर गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है।



श्री राठौर ने आगे कहा कि आज स्थिति यह हो गई है कि 200 से 300 रुपये रोज कमाने वाले परिवारों के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना भी चुनौती बन चुका है। बाजार में हर जरूरी सामान की कीमत लगातार बढ़ रही है। रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है और गृहिणियां परेशान हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। आम आदमी की आय नहीं बढ़ रही लेकिन खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में लोगों को अपनी जरूरतों में कटौती करनी पड़ रही है। श्री राठौर ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने पहले ही जनता की कमर तोड़ रखी है।

परिवहन महंगा होने से हर वस्तु की लागत बढ़ रही है जिसका सीधा असर बाजार की कीमतों पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। सरकार के पास आम जनता को राहत देने की कोई ठोस योजना नजर नहीं आती।

# किसानों को एग्रीस्टैक पंजीयन के लिए सरपंच करें प्रेरित - कलेक्टर प्रजापति

मोहला (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के तहत विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत देववाडवी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर से पहले कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने देववाडवी क्लस्टर की 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक लेकर पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भारती चंद्राकर, एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पटवारी तथा क्षेत्र के सरपंच उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन समस्याओं से संबंधित शिकायतें अधिक मिल रही हैं, उनका त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने जल संरक्षण और जल संचयन के स्थायी उपायों पर विशेष जोर दिया। ग्राम पंचायतों को तालाब, कुएं और अन्य जल संरक्षण कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि क्षेत्र में जल स्तर में सुधार लाया जा सके।

कलेक्टर ने सभी सरपंचों से गांवों में नियमित मुनादी कराकर प्रत्येक माह ग्राम सचिवालय आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं,

**जल संरक्षण और ग्राम सचिवालय को लेकर सरपंचों को दिए अहम निर्देश**

विकास योजनाओं और आवश्यक कार्यों पर स्थानीय स्तर पर चर्चा कर तेजी से समाधान किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवास निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, समय पर निर्माण पूर्ण होने से आगामी स्वीकृतियों में भी सुविधा मिलेगी। बैठक में कोरिया मॉडल के तहत खेतों में गड्ढे बनाकर जल संचयन की जानकारी साझा की गई। इसके अलावा आधार अपडेट, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र और किसानों के एग्रीस्टैक पंजीयन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सरपंचों से किसानों को एग्रीस्टैक में पंजीयन के लिए प्रेरित करने की अपील करते हुए कहा कि इससे भविष्य में शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में किसानों को आसानी होगी।

# नगर के वार्डो में कुत्तों का आतंक बच्चों और पालतू पशुओं को बना रहे हैं शिकार

डोंगरगांव (दावा)। नगर के वार्ड क्रमांक 11 सिनेमा लाईन सहित अन्य वार्डों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है. ये कुत्ते लगातार जानवरों, छोटे बच्चों और राहगीरों को अपना निशाना बना रहे हैं. पिछले एक माह के भीतर अनेक डाग बाईट के मामले सामने आये हैं. वहीं छोटे गौवंशों को भी अपना शिकार बना रहे हैं. बता दें सिनेमा लाईन में कुत्तों की तीन टोलियाँ हैं जो कि अपने सीमा क्षेत्र में शिकार करते हैं और देर रात्रि आपस में काफी तेज आवाज के साथ लड़ते हैं. जिससे पूरे मुहल्लेवासी परेशान और भय में हैं. डोंगरगांव नगर पंचायत के अनेक वार्डों की कमोबेश यही स्थिति है और इसके लिए फिलहाल नगर पंचायत या पशु चिकित्सा विभाग व्दारा कोई उपाय नहीं किया जा सका है.



कुत्तों की बढ़ती जनसंख्या और हिंसक प्रवृत्ति को देखते हुए इन्हें पकडक़र अन्यत्र छोड़ा जाना ही आवश्यक है. इसके साथ ही पशु चिकित्सा विभाग व्दारा वैक्सीनेशन और बधियाकरण किये जाने की आवश्यकता है. अनेक स्थानों में देखा गया है कि छोटे छोटे कुत्ते भी गली मुहल्लों में छोटे बच्चों पर हमला करने की शिकायतें हैं. बता दें कि 7 नवंबर 2025 को आवारा कुत्तों पर दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अस्पतालों, बस अड्डों, स्कूलों, रेलवे स्टेशनों जैसी सार्वजनिक जगहों से पकड़े गए आवारा कुत्तों को टीकाकरण या नसबंदी के बाद उसी जगह पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा लेकिन इस फैसले पर अमल कहीं दिखाई नहीं देता. वहीं नगर में बढ़ते कुत्तों के आतंक के बावजूद सुरक्षार्थ कोई व्यवस्था नहीं किया गया है और न ही डॉग शेल्टर ही बनाया गया है. बता दें कि अपने क्षेत्र में आवारा कुत्तों से जुड़ी किसी भी समस्या (जैसे-आक्रामक होना, झुंड में घूमना या नसबंदी आदि) की शिकायत आप सीधे अपने स्थानीय नगर पंचायत में कर सकते हैं. इसके अलावा आप छत्तीसगढ़ सरकार की जन शिकायत निवारण हेल्पलाइन निदान 1100 पर कॉल करके भी अपनी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है.

# भारतीय स्टेट बैंक आरसेटी खैरागढ़ में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण बैच का भव्य समापन

खैरागढ़ (दावा)। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भारतीय स्टेट बैंक आरसेटी खैरागढ़ के द्वारा देवारीभाट स्थित डीपीआरसी भवन में संचालित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण बैच का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।। कार्यक्रम में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल तथा आरसेटी निदेशक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक सी. एस. ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्वल भविष्य एवं सफल स्वरोजगार के लिए शुभकामनाएं दी गईं।।






**प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने किया प्रेरित**

जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कौशल विकास एवं स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है।। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने कौशल एवं आत्मविश्वास के बल पर आर्थिक रूप से मजबूत बनकर परिवार एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार अपनाकर जिले की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनने का संदेश दिया।।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना है।। उन्होंने कहा कि ब्यूटी पार्लर जैसे व्यवसाय कम लागत में बेहतर आय का माध्यम बन सकते हैं।। वहीं आरसेटी निदेशक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक सी. एस. ठाकुर ने प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग एवं वित्तीय साक्षरता, मुद्रा ऋण योजना एवं डिजिटल बैंकिंग की जानकारी देते हुए वित्तीय अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला।।

कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें ब्यूटी पार्लर व्यवसाय से संबंधित तकनीकी ज्ञान, ग्राहक व्यवहार, आधुनिक सौंदर्य सेवाएं, स्वच्छता प्रबंधन एवं व्यवसाय संचालन की जानकारी प्राप्त हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण संकाय सदस्य ओम मिश्रा एवं अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया।। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यालय सहायक संतोष कुमार करकी का विशेष सहयोग रहा।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रर्दशन





गंडई-पंडरिया (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लाक कांग्रेस गंडई के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार को देश व प्रदेश में लगातार बढ़ती हुई मंहगाई जिसमें प्रति दिन पेट्रोल एवं डीजल ,गैस,खाने के तेल,खाद बीज,एवं सोने-चांदी के दामो में हो रही बढ़ोतरी के विरोध में मेन चौक गंडई में जोरदार प्रर्दशन किया गया,और कांग्रेसियों द्वारा सराफा व्यापारियों एवं कृषि केंद्रों में जाकर उनकी समस्याओं को सुना।

इस दौरान जिला अध्यक्ष कोमल दास साहू,ब्लाक अध्यक्ष शत्रूहन मन्नू चन्देल,रामकुमार पटेल,जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती रिंकू मोहोबिया,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अय्युब कुरेशी,पूर्व मंडी अध्यक्ष संजू चन्देल,चेतन देवांगन, मोहम्मद खान, विनोद ताम्रकार, जनपत सदस्य रमेश साहू, रिखीराम पटेल, योगेश जंघेल, रणजीत चन्देल, साकेत दुबे, पार्षद दिलीप ओगरे, शिव कुर्रे, ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमलता ठाकुर, रूखमणी देवांगन, रेणुका हिरवानी, उषा रात्रे, कविता जंघेल, रमशिला मिर्चे,क्रांति ताम्रकार, सूरज नामदेव, मण्डल अध्यक्ष रोहित वर्मा, बेदूल वर्मा, दिलेश साहू, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन, शैलेन्द्र जायसवाल, रितेश सिंघानिया, टिकम साहू, नारायण चतुर्वेदी, देवलाल पुलस्य, तिलक साहू, कृष्णा देवांगन, पुलेंद्र साहू, आत्मा वर्मा , गोवर्धन साहू, दिनेश रजक, सम्पूरण टंडन, उमेश बांधे, मोहन साहू, महंगू कोसरिया, शैलेंद्र दुबे, रामेश्वर पटेल, शेखर साहू आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गोडलवाही की दिव्यांग भावना को मिलेगा अभिलाषा में प्रवेश

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे सघन सुशासन तिहार शिविर के माध्यम से जन सामान्य के साथ साथ हमारे दिव्यांग साथियों के लिए भी वरदान साबित हो रहा है, इन शिविरों में पहुंच रहे समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार सहित उनकी टीम के द्वारा दिव्यांग जनों की समस्या का स्थल पर ही निराकरण करते हुए यथोचित सहयोग प्रदाय किया जा रहा है, इतना ही नहीं शिविर सीमा में कोई ऐसा दिव्यांग है जो शिविर स्थल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं वहां उनके निवास तक पहुंच कर उनकी समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर संवेदनशीलता पूर्वक सहायक उपकरण आदि भेंट कर सहायता करने का श्रेयस्कर प्रयास उप संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार द्वारा किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में आज छुरिया विकास खण्ड के आश्रित ग्राम गोडलवाही में आयोजित सुशासन शिविर में पहुंचे अस्थि बाधित दिव्यांग भावना निषाद के परिजनों द्वारा शिक्षा के लिए शिविर में गुहार लगाई जिस पर उप संचालक द्वारा अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव से सम्पर्क करते हुए बालिका को अभिलाषा में प्रवेश दिलाने निर्देशित किया गया,

अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव एवं सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा द्वारा बताया गया कि संस्था में शिक्षा सत्र 2026 27 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है, संस्था में प्रवेश के लिए पात्र हितग्राही दिव्यांगता प्रमाणपत्र के साथ संस्था कार्यालय में 01 जून से संपर्क कर सकते हैं, उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दी गई ।

### बुद्ध जयंती समारोह 30 को

राजनांदगांव। सैनिक दल द्वारा शांति नगर, शंकरपुर तालाब किनारे 30 मई को शाम 7 बज जिला स्तरीय बौद्ध जयंती का कार्यक्रम आयोजित है। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग., मधुसूदन यादव महापौर, विशेष अतिथि मान. रमेश जाटव कोरबा, डॉ.दिवाकर रगांरी शुक्ला हॉस्पितटल राजनांदगांव, डॉ. प्रकाश खुटे सह प्राध्यापक, मैडिसीन विभाग राजनांदगांव, डी.पी. नोन्हारे, एस.के. भालाधरे, महेन्द्र बन्सोड़, राजू बारमाटे, दिपाकंन खोब्रागढ़े, महेन्द्र उके, भीमराव सामकुंवर, महेन्द्र मडामें रायपुर यह कार्यक्रम के अतिथि होंगे।

# जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष जन-जागरुकता अभियान प्रारंभ

**सरकार द्वारा अधिसूचित नियम 01 अप्रैल 2026 से प्रभावशील**

मोहला (दावा)। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत द्वारा 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष जन-जागरूकता एवं जनसहभागिता अभियान प्रारंभ किया गया है। भारत सरकार द्वारा अधिसूचित यह नियम 01 अप्रैल 2026 से प्रभावशील हो चुके हैं, जिनके अंतर्गत वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण से सुरक्षित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रावधान किए गए हैं।

जिला प्रशासन ने बताया कि, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण को नागरिकों का मौलिक अधिकार माना गया है तथा स्थानीय निकायों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गई हैं। इसी के तहत जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026' का वाचन-पाठन किया जाएगा तथा नागरिकों को स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही रैली, दीवार लेखन, स्कूल जागरूकता कार्यक्रम, श्रमदान, घर-घर संपर्क अभियान, सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप प्रचार जैसे विभिन्न सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि, अब प्रत्येक परिवार एवं संस्थान के लिए कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण अनिवार्य होगा। नागरिकों को गीला अपशिष्ट, सूखा अपशिष्ट, सैनेटरी अपशिष्ट एवं विशेष देखभाल अपशिष्ट को अलग-अलग रखना होगा। खुले में कचरा फेंकना, कचरा जलाना तथा नालियों, तालाबों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अपशिष्ट डालना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ग्राम पंचायतों को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कम्पोस्ट पिट निर्माण, ड्राई वेस्ट कलेक्शन सेंटर की स्थापना एवं नियमित स्वच्छता गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जनपद पंचायतों को ग्राम पंचायतों की निगरानी, प्रशिक्षण एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला प्रशासन ने यह भी बताया कि, नियमों के उल्लंघन पर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। खुले में कचरा फेंकने, कचरा जलाने, मिश्रित अपशिष्ट देने अथवा सार्वजनिक स्थलों को प्रदूषित करने पर स्पॉट फाइन, पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा सकेगी। गंभीर मामलों में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत अभियोजन, आर्थिक दण्ड एवं कारावास तक का प्रावधान है। जिला प्रशासन ने समस्त जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों, स्व-सहायता समूहों, युवाओं एवं आम नागरिकों से स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम निर्माण के लिए सक्रिय सहभागिता की अपील की है।

# ग्राम कुहीकोड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 6 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम कुहीकोड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए है।

# स्टेट कैपिटल रीजन में राजनांदगांव का शामिल होना मील का पत्थर, योजनाबद्ध विकास को मिलेगी गति : ओपी चौधरी

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में चेम्बर ऑफ कॉमर्स का जिला स्तरीय महाअधिवेशन संपन्न, देश में आर्थिक विकास की असीम संभावनाएं





राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में आज एक निजी होटल में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज राजनांदगांव के जिला स्तरीय व्यापारी महाअधिवेशन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश के ऊर्जावान वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान की है। जिससे विकास कार्य एवं परिवर्तन के लिए राह बनी है। उन्होंने वित्त मंत्री के साथ बिताए हुए यादगार दिनों का स्मरण किया और उनकी दृढ़ता एवं हिम्मत की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज का यह आयोजन अद्भुत एवं ऐतिहासिक है। वित्त मंत्री द्वारा स्टेट कैपिटल रीजन में राजनांदगांव जिले को शामिल करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भव्य आयोजन के लिए चेम्बर ऑफ कामर्स की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत पीडीएस प्रणाली के तहत जनमानस की पीड़ा को समझकर संवेदनशीलतापूर्वक नमक, चावल एवं अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश एवं दुनिया को संचालित करने में अर्थशास्त्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है और उद्यमी साथियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने 1970 के दशक से लेकर आर्थिक उदारवाद की नीति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद हमारा देश तेजी से आगे बढ़ते हुए बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था वर्तमान समय में 4 ट्रिलियन डॉलर है। जो आने वाले वर्षों में 36 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगी। देश में आर्थिक विकास की असीम संभावनाएं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक सुधारवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के लागू होने के बाद प्रारंभिक दिनों में कुछ दिक्कतें थी। इसके पहले 17 प्रकार के कर तथा 13 प्रकार के अन्य कर थे। जिससे एक राज्य से दूसरे राज्य में एंट्री करने तथा निर्यात करने जैसे समस्या थी। इसे दूर करने के लिए जीएसटी अंततः एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए एक देश एक कर की व्यवस्था लागू की गई। जीएसटी के आने से मूल्यों में कमी आयी। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग बिना भयभीत हुए ऐसे लोगों की सूचना देंगे। जिसके कारण परेशानी हो रही है, ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि जीएसटी अंतर्गत समय पर कर देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई बार इसमें इनपुट केडिट अंतर्गत फर्जी बिल लगाकर घोटाला करने पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि व्यापारी वर्ग शासन की औद्योगिक नीति का अच्छी तरह अध्ययन करें। जिससे व्यापार के बेहतर अवसर मिलेंगे। नए नवाचार एवं विविधिता के क्षेत्र भी है। हाईड्रोजन एनर्जी, बायोफ्यूल, एआई जैसे क्षेत्रों में व्यापार के अच्छे अवसर है। उन्होंने कहा कि नये उभरते हुए अवसरों की तलाश करते हुए फायदा लें। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रूपए आद्योगिक सब्सिडी रूका हुआ था। जिसके लिए 468 अतिरिक्त बजट लेकर पूर्ण किया गया। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग के आगे बढ़ने से देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। सरकार व्यापारी वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्टेट कैपिटल रीजन में राजनांदगांव शामिल होगा। एकीकृत योजना के तौर पर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकसित होने से विभिन्न शहरों को एकीकृत करते हुए समेकित एवं योजनाबद्ध विकास को गति मिलेगी। स्टेट कैपिटल रीजन अंतर्गत राजनांदगांव जिले को शामिल करने से आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जॉब पार्क की शुरूआत की गई है। जिसमें उद्योगों पर आधारित जॉब प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री से राजस्व में बढ़ोत्तरी होती है। अर्थव्यवस्था में विभिन्न पायदानों में सुधार लाने से आगे इसका फायदा मिलता है। उन्होंने रजिस्ट्री के क्षेत्र में किए गए नवाचारों एवं सुधारों के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिला स्टेट रीजन कैपिटल से जुड़ने के बाद सफलता के नये आयाम प्राप्त करेगा।

समाजसेवी खूबचंद पारख ने कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। व्यापारी वर्ग को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज राजनांदगांव के अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि व्यापार किसी भी देश की आर्थिक उन्नति का पैमाना होता है। इसके साथ ही सभी को एक सूत्र में जोड़ते हुए शासन की योजनाओं को जोड़ते हुए सेतु बनाने का कार्य करती है। कार्यक्रम को ज्ञानचंद बाफना एवं अरूण डुलानी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नंदलालजी राठी, टीकम दास साहू, श्रीमती हीना बेन रायचा, शेखर बोथरा, उन्नति पंजवानी, गुरबचन कौर सावलानी को व्यापारी-उद्यामी सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, छत्तीसगढ़ चेंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी, कोमल सिंह राजपूत, जितेन्द्र मुदलियार, बलदेव सिंह भाटिया, संतोष अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, एबिस ग्रुप से श्रीमती जोया आफरीन आलम, पद्मश्री फूलबासन यादव, दामोदर दास मूंदड़ा, अजय भसीन, निकेश बरड़िया, कमलेश बैद सहित छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अन्य सदस्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बगैर मौका दिए एकतरफा सुनवाई और निर्णय से आहत आरटीआई कार्यकर्ता ने खोली स्वास्थ्य विभाग की पोल

## पहली ही सुनवाई में जिला स्वास्थ्य कार्यालय ने दिया एकपक्षीय फैसला, प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता कर पीड़ित सुजीत यादव ने लगाए लाखों के घोटाले के आरोप




डोंगरगांव (दावा)। शासकीय विभागों के कारनामे हमेशा सुर्खियाँ बनती है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यालय द्वारा आरटीआई कार्यकर्ता की अनुपस्थिति में प्रथम अपील के दौरान पहली सुनवाई में ही एक तरफा निर्णय दे दिया गया। वहीं अन्य विभागों द्वारा इतनी तत्परता नहीं दिखाई जाती है। जिसमें कई माह तक सुनवाई नहीं ही नहीं हो पाती। इधर स्वास्थ्य विभाग के पहली ही सुनवाई में आवेदक का पक्ष भी नहीं देखा और निर्णय दे दिया गया। जिससे यह आरटीआई कार्यकर्ता आहत है। इस मामले में पीड़ित कार्यकर्ता ने मिडिया के सामने आकर पत्रकारवार्ता कर अपनी बात रखी और दोषी अधिकारी कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

आरटीआई कार्यकर्ता सुजीत यादव ने 21 मई गुरूवार को डोंगरगांव प्रेस क्लब में उपस्थित होकर पत्रकारवार्ता ली। जिसमें उन्होंने अपने साथ घटित हुए पूरे वाक्या को बताया और स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न घोटालों को सामने लाने की बात की। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई 2025 को स्वास्थ्य विभाग डोंगरगांव में आय-व्यय की जानकारी के लिए सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी। जिसमें उन्हें वर्ष 2015 से 2025 तक वर्षवार एक पेज में जानकारी प्रदाय की गई। जिसके बाद 14 अगस्त 2025 को पुनः इन्हीं वर्षो के लिए बिल वाउचर की मांग की गई। जिसमें उन्हें 3044 रूपये जमा करवाकर समय निकलने के बाद 1522 पेज की जानकारी प्रदाय की गई। किन्तु इस जानकारी में उनके द्वारा वर्षवार आय-व्यय का मिलान किया गया। जिसमें उन्होंने लाखों रूपये का अंतर पाया और आधे-अधूरे जानकारी के चलते उन्होंने प्रथम अपील कर न्याय मांगा। जिसके बाद स्वास्थ्यगत कारणों से उनकी अनुपस्थिति में प्रथम सुनवाई में ही प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा एक पक्षीय निर्णय दे दिया गया। इस विषय पर सुजीत यादव की शिकायत है कि उन्हें डोंगरगांव स्वास्थ्य विभाग व्दारा समय पर सही जानकारी देने के बजाए लगातार गुमराह किया गया तथा न्याय के लिए लगाए गए अपील के दौरान भी जिला स्वास्थ्य कार्यालय द्वारा एक पक्षीय निर्णय दे दिया गया। जिसे उन्होने आरटीआई कार्यकर्ता पर बड़ा आघात माना है और मनोबल तोड़ने की कोशिश बताया है।

# मतदाता सूची से नाम गायब होने पर कांग्रेस का हल्लाबोल, निर्वाचन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर वोट चोरी की आशंका

## एसआईआर प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ी का आरोप, प्रदेश कांग्रेस सचिव मेहुल मारु समेत परिवार के 6 सदस्यों के नाम सूची से उड़े, डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों और विसंगतियों को लेकर शहर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय और स्थाई निवासियों के नाम गायब होने का मामला सामने आया है। इसे लोकतंत्र और निर्वाचन प्रणाली के साथ खिलवाड़ बताते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को जिला कार्यालय (कलेक्टर ऑफिस) पहुंचकर कड़ा विरोध दर्ज कराया और सूची में तत्काल सुधार की मांग की। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने डिप्टी कलेक्टर से मुलाकात कर निर्वाचन कार्य में गंभीर लापरवाही और सुनियोजित घपलेबाजी का आरोप लगाया।

### बीएलओ को दस्तावेज देने के बाद भी कटे नाम

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान पार्टी लगातार यह आशंका जता रही थी कि मतदाता सूची के नाम पर एक खास रणनीति के तहत लोगों के नाम काटे जा रहे हैं, जो अब सूची सामने आने के बाद सच साबित हो रहा है। शहर अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं राजनांदगांव निवासी मेहुल मारु सहित उनके परिवार के छह सदस्यों ने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के निर्देशानुसार पूरी कानूनी प्रक्रिया का पालन किया था। सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बावजूद अंतिम मतदाता सूची से उनके पूरे परिवार का नाम गायब कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक परिवार या नेता का मामला नहीं है, बल्कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर बहुत बड़ा सवालिया निशान है।

### फॉर्म भरवाने के बाद भी काटी गई कॉपियां : कांग्रेस

प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करते हुए कांग्रेसी नेताओं ने आरोप लगाया कि मैदानी अमले (ग्राउण्ड स्टाफ) से लेकर फॉर्म ऑडिट तक के स्तर पर भारी लापरवाही बरती गई है। लोगों से पहले तय प्रारूप में फॉर्म भरवाए गए, फिर उन्हें सत्यापन (पेशियों) के लिए दफ्तरों में बुलाया गया। इसके बावजूद बिना किसी ठोस आधार के उनके नाम सूची से गायब कर दिए गए। निर्वाचन जैसे बेहद संवेदनशील कार्य में इस प्रकार की अव्यवस्था यह साफ संकेत देती है कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं रही। कांग्रेस को आशंका है कि विपक्ष के प्रभाव वाले क्षेत्रों से योजनाबद्ध तरीके से मतदाताओं को हटाया गया है।

### यह सीधे तौर पर वोट चोरी का मामला : मेहुल मारु

इस गड़बड़ी का शिकार हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव मेहुल मारु ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने नियमों के तहत सारे डाक्यूमेंट्स प्रशासन को उपलब्ध कराए थे। मुझे सिर्फ अपने या अपने परिवार के नाम कटने का दुख नहीं है, बल्कि चिंता इस बात की है कि शहर के न जाने कितने सीधे-साधे नागरिक होंगे। जिनके नाम उनकी जानकारी के बिना ही काट दिए गए हैं। कई लोग तो इस गड़बड़ी से अभी तक अनजान हैं। यह सीधे तौर पर आम जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की डकैती और वोट चोरी का गंभीर मामला है। कांग्रेस ने मांग की है कि निर्वाचन विभाग तत्काल इस पूरे मामले और प्राप्त शिकायतों की उच्च स्तरीय जांच कराए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और जिन पात्र नागरिकों के नाम काटे गए हैं, उन्हें तुरंत मतदाता सूची में वापस जोड़ा जाए।

### नागरिकों से सूची जांचने की अपील, प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

कांग्रेस ने राजनांदगांव के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते मतदाता सूची में अपने और अपने परिवार का नाम अनिवार्य रूप से जांच लें। क्योंकि सर्वे के नाम पर बड़े पैमाने पर नाम विलोपित किए गए हैं। जिला कार्यालय में विरोध प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से रुपेश दुबे, पदम कोठरी, विवेक वासनिक, पंकज बाधव, चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू, देवेश वैष्णव, प्रदीप राठौर, वीरेंद्र चंद्रकांर, सुरेन्द्र देवांगन, आशीष साहू और जय जायसवाल सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गोंडलवाही के सुशासन शिविर में पहुंचे 15 पंचायतों के ग्रामीण, खाद की किल्लत को लेकर किसानों ने जताई नाराजगी

## सुशासन तिहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न, उत्कृष्ट छात्र हुए सम्मानित, कुछ आवेदनों के निराकरण न होने पर फूटा आक्रोश




डोंगरगांव (दावा)। राज्य शासन की जनकल्याणकारी मंशा एवं मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार 2026 प्रदेशभर में कलस्टर के माध्यम से गांवों में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में राजनांदगांव जिला के छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोड़लवाही में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दूरस्थ एवम् ग्रामीण अंचलों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें, समस्याएं एवं मांग संबंधी आवेदन शासन-प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर बात रखी गई। इस सुशासन शिवर में 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए तथा कई प्रकरणों का त्वरित मौके पर निराकरण किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन मिला हैं। इस शिविर में ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को भी लाभांवित भी हुए। इस दौरान किसानों ने बातचीत के दौरान बताया कि कई सुशासन त्यौहारों में आवेदन देने के पश्चात् भी आवेदनों का निराकरण नहीं हो पाया। जिससे कुछ लोगों में इस सुशासन तिहार के प्रति नाराजगी नजर आई। इस कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीईओ होरीलाल साहू, विभिन्न ग्रामों के सरपंच, पंच सहित विभागों के अधिकारियों कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सुरक्षित छत्तीसगढ़ की ओर बड़ा कदम : 'नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112' के आधुनिक वाहनों को मिली हरी झंडी



राजनांदगांव (दावा)। आम नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। राजनांदगांव में आयोजित एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 'नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112' सेवा के अंतर्गत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नए आपातकालीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि आपातकालीन सेवाओं का आधुनिकीकरण नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। 'एक नंबर, अनेक माध्यम, त्वरित सहायता' की सोच पर आधारित डायल-112 सेवा प्रदेशवासियों को किसी भी संकट की स्थिति में तुरंत रेस्क्यू और मदद उपलब्ध कराने का सबसे सशक्त माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित छत्तीसगढ़ का निर्माण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन आधुनिक तकनीक-आधारित वाहनों से पुलिस की रिस्पॉन्स टाइमिंग बेहतर होगी और कानून व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी।

'नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112' सेवा के विस्तार के तहत कुल 22 आधुनिक वाहनों को बेड़े में शामिल किया गया है। जिनका वर्गीकरण इस प्रकार है। डायल-112 वाहन 18 (त्वरित आपातकालीन रिस्पॉन्स के लिए), हाईवे पेट्रोलिंग वाहन के लिए 03 (राजमार्गो पर दुर्घटनाओं और सुरक्षा की निगरानी के लिए), फॉरेंसिक वाहन 01 (घटनास्थल पर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए) ये सभी वाहन नवीनतम जीपीएस, उन्नत संचार प्रणालियों और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हैं। इससे कंट्रोल रूम को रियल-टाइम लोकेशन मिलेगी, जिससे किसी भी आपात स्थिति या दुर्घटना की सूचना पर पुलिस बल बिना समय गंवाए मौके पर पहुंच सकेगा। इन नए हाई-टेक वाहनों के सड़कों पर उतरने से न केवल आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। बल्कि आम नागरिकों को भी तेज, सुरक्षित और भरोसेमंद आपातकालीन चिकित्सा व सुरक्षा सहायता मिल सकेगी। स्थानीय स्तर पर छत्तीसगढ़ी स्लोगन एक्के नम्बर, सब्बो बर के साथ इस सेवा को लेकर नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इन वाहनों के संचालन से कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी तथा आम नागरिकों को तेज, सुरक्षित एवं बेहतर आपातकालीन सहायता उपलब्ध हो सकेगी।

# छत्तीसगढ़ के अवी मानिकपुरी का अंडर-18 भारतीय हॉकी टीम में चयन, जापान में दिखाएंगे खेल का दम




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और खेल मंत्री अरुण साव सहित खेल जगत ने दी बधाई

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के खेल जगत के लिए आज एक ऐतिहासिक और बेहद गौरवशाली पल आया है। भोपाल एनसीओई में कड़ा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रदेश के होनहार खिलाड़ी अवी मानिकपुरी का चयन अंडर-18 भारतीय हॉकी टीम में हो गया है। अवी आगामी 29 मई से 6 जून 2026 तक काकामिगहारा (जापान) में आयोजित होने वाले अंडर-18 एशिया कप में भारतीय जर्सी पहनकर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अवी का यह चयन हाल ही में 15 से 20 मई तक भोपाल में आयोजित इंडिया-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट और धमाकेदार खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

### हॉकी इंडिया की नई पहल

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया ने इस नए फॉर्मेट की एक बेहतरीन शुरुआत की है। पूर्व में केवल जूनियर व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए ही एशिया कप आयोजित किया जाता था। अब इस आयु वर्ग (अंडर-18) के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौका देने के लिए यह नई पहल की गई है। जिससे नए और युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए एक शानदार वैश्विक प्लेटफॉर्म मिलेगा। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि यह पूरे प्रदेश के लिए बड़े ही गर्व का विषय है कि छत्तीसगढ़ का बेटा अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश के लिए खेलने जा रहा है। अवी की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप-मुख्यमंत्री व खेल मंत्री अरुण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे और कोटा विधायक सुशांत शुक्ला ने बधाई दी है।

# ग्राम बघेरा एवं झुराडबरी में अवैध प्लाटिंग एवं बिना अनुमति निर्माण कार्य होने पर संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी

राजनांदगांव (दावा)। तहसीलदार राजनांदगांव प्यारेलाल नाग ने ग्राम बघेरा और झुराडबरी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग एवं बिना अनुमति निर्माण कार्य किए जाने के संबंध में पटवारी हल्का नंबर 18 धनसिंग कोमरे को कारण बताओ सूचना जारी किया है। तहसीलदार राजनांदगांव के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा ग्राम बघेरा एवं झुराडबरी क्षेत्र के विभिन्न खसरों का निरीक्षण कर अवैध संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान खसरा नंबर 492/2, 493/2, 494, 415, 505/2, 500/1, 510/1, 510/4, 511/1, 512/1, 505/3, 510/3, 503/1, 510/2, 511/3, 502/1, 504/3, 513/1, 513/2, 513/3, 500, 415/1, 410/2, 410/5, 344/1, 316/1, 334/1, 334/2, 334/3, 335/1, 335/2, 336, 337, 339/1, 340, 342, 343/1, 343/2, 345/1 एवं 345/2 की भूमि पर बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के अवैध प्लाटिंग, बाउंड्रीवाल, गेट, तार फेंसिंग तथा मकान निर्माण कार्य किया जाना पाया गया। राजस्व अमले द्वारा मौके पर अवैध संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई की गई। जांच में यह भी पाया गया कि उक्त निर्माण कार्य विगत 2 से 3 वर्षों से किए गए थे, जिसके संबंध में आपके द्वारा पूर्व में कोई सूचना नहीं दी गई थी। उक्त कृत्य पदीय दायित्वों के विरूद्ध है। पटवारी हल्का नंबर 18 धनसिंग कोमरे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 2 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अथवा लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नियमानुसार एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना को रोकने अवैध पार्किंग एवं यातायात बाधित करने वालों पर की गई कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फालोदी में घटित सड़क दुर्घटना के पश्चात जारी आवश्यक दिशा-निर्देशों के पालन में जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया।




कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों, यातायात बाधिक करने वालों एवं बिना कवर किए परिवहन किए जा रहे व्यावसायिक वाहनों के विरूद्ध सघन कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान विभिन्न वाहन चालकों से 35 हजार रूपए से अधिक की चालानी कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल भगत ने बताया कि इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित विभिन्न ढाबों एवं पंचर दुकानों के संचालकों द्वारा सड़क किनारे अवैध रूप से टायर एवं अन्य सामग्री रखकर यातायात बाधित किए जाने की शिकायतों पर भी कार्रवाई की गई। सुगम एवं सुरक्षित यातायात के लिए संबंधित संचालकों को समझाइश देते हुए सड़क किनारे रखी गई सामग्री हटवाई गई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों एवं वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग को सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com